हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org


देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–75 : जौनपुर, शुक्रवार 06 मई 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## अमित शाह के दौरे के बीच भाजपा कार्यकर्ता की हत्या : स्वागत समारोह के सभी कार्यक्रम रद्द

नई दिल्ली एजंसी : केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पश्चिम बंगाल दौरे के बीच कोलकाता में भाजपा कार्यकर्ता का शव मिला है। जानकारी के मुताबिक, फांसी के फंदे से लटका हुआ उसका शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान काशीपुर विधानसभा निवासी अर्जुन चौरसिया के रूप में हुई है। 27 वर्षीय भाजपा कार्यकर्ता की हत्या पर भारतीय जनता पार्टी ने शोक व्यक्त किया है। पार्टी की ओर से बयान जारी कर बताया गया है कि कोलकाता में अमित शाह के स्वागत समारोह के सभी कार्यक्रमों को रद्द कर दिया गया है। दो दिवसीय दौरे पर हैं अमित शाह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसयी बंगाल दौरे पर हैं। वह पश्चिम बंगाल में रैलियां कर रहे हैं और टीएमसी व ममता बनर्जी पर निशाना साध रहे हैं। गुरुवार को सिलिगुड़ी रैली में उन्होंने एक बार फिर से सीएए लागू करने के संकेत दिए। उन्होंने कहा, टीएमसी सीएए के बारे में अफवाहें फैला रही है कि इसे लागू नहीं किया जाएगा, लेकिन मैं कहना चाहूंगा कि जैसे ही कोविड–19 की लहर समाप्त होगी, हम सीएए को जमीनी तौर पर लागू करेंगे। ममता दीदी घुसपैठ कराना चाहती हैं, लेकिन सीएए एक हकीकत था, है और रहेगा। कठिन समय में बंगाल पहुंचे हैं शाह शाह राज्य के दौरे पर ऐसे वक्त पर पहुंचे हैं जब 2021 विधानसभा



चुनावों में मिली हार के बाद पार्टी को कई बड़े नेताओं के इस्तीफों और गुटबाजी का सामना करना पड़ा और पार्टी राज्य में खुद को फिर से पुनर्गठित करने की कोशिश कर रही है। प्रदेश भाजपा नेता शाह के दौरे को पार्टी कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाने वाला मान रही है। माना जा रहा है कि शाह पार्टी के आंतरिक अंसतोष को खत्म करने और खोई जमीन को फिर से हासिल करने की रणनीति तैयार करेंगे। विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल करने वाली तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा के कई सांसदों और विधायकों में अपने पाले में कर लिया है। साथ ही सत्तारूढ़ दल के कार्यकर्ताओं की हिंसा का भी पार्टी कार्यकर्ताओं को सामना करना पड़ रहा है।

## उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने अपर मुख्य सचिव कृषि से की मुलाकात

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के बैनर तले प्रांतीय अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व मे सीतापुर के खाद व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश के अपर मुख्य सचिव कृषि डॉ देवेश चतुर्वेदी से लोक भवन स्थित कार्यालय में मिला व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल ने सीतापुर जिले के कृषि अधिकारी सतेद्र प्रताप सिंह एवं उनके अधीनस्थ कर्मचारी एमपी सिंह द्वारा लगातार किए जा रहे खाद व्यापारियों के उत्पीड़न की लिखित शिकायत की तथा अपर मुख्य सचिव को ज्ञापन सौंपा प्रतिनिधि मंडल में शामिल''खुदरा कृषि व्यापारी वेलफेयर एसोसिएशन'' के अध्यक्ष आरके कनौजिया ने अपर मुख्य सचिव कृषि को सीतापुर के कृषि अधिकारी द्वारा व्यापारियों से अवैध वसूली एवं उत्पीड़न की जानकारी दी। उपाध्यक्ष देश दीपक बाजपेई ने अपर मुख्य सचिव को बताया कि इसके पूर्व में भी व्यापारियों द्वारा लिखित शिकायत दी गई थी तथा जिस के क्रम में जांच के आदेश हुए हैं किंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई अपर मुख्य सचिव कृषि डॉ देवेश चतुर्वेदी ने व्यापारियों की बात को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र ही कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।



व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल नगर उपाध्यक्ष मुनीष भार्गव, सीतापुर के खुदरा कृषि व्यापारी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष आरके कनौजिया , उपाध्यक्ष देश दीपक बाजपेई, संगठन मंत्री अवनीश सिंह, अमित प्रजापति, यतेंद्र शर्मा शामिल थे।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## राष्ट्रीय अध्यक्ष के डी शर्मा ने मोहम्मद सालिम को अल्पसंख्यक मोर्चा का उपाध्यक्ष किया मनोनीत



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राष्ट्रीय युवा वाहिनी नेशनल वालंटियर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के डी शर्मा ने राष्ट्रीय युवा वाहिनी भारतीय जनता परिषद में अल्पसंख्यक मोर्चा का उपाध्यक्ष लखनऊ मोहम्मद सालिम को मनोनीत किया है। मोहम्मद सालिम के मनोनयन पर राष्ट्रीय युवा वाहिनी भारतीय जनता परिषद के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है।

## संदिग्ध परिस्थितियों मे कंडक्टर का मिला शव : पुलिस मान रही दुर्घटना

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना के बभनियांव गांव के पास गुरुवार की रात जंघई से जौनपुर के बीच चलने वाली टाटा बस के कंडक्टर का शव मेन सड़क पर संदिग्ध परिस्थितियों मे डायल ११२ पुलिस को मिला डायल पुलिस की सूचना पर रात मे ही मौके पर सीओ मछलीशहर थानाध्यक्ष जंघई चौकी इंचार्ज पहुच गये। मीरगंज थाना के मछलीशहर जंघई मार्ग पर बभनियाव पेट्रोल पंप के सामने टाटा 407 का ड्राइवर व खलासी शाम 7:00 बजे नंबर लेकर जौनपुर से जंघई पहुचे सवारियों को जंघई ने छोड़ने के बाद रात में बभनियांव पेट्रोल पंप पर रोजाना की तरह गुरुवार रात भी रुक गये रात डेढ बजे के आस पास डायल 112 नंबर पुलिस सामने से गुजर रही थी उनकी निगाह मेन सडक गिरे एक व्यक्ति पर पडी । उन्होंने जब मौके पर जाकर देखा तो वह बेहोशी हाल मे था उन्होंने इसकी जानकारी थानाध्यक्ष मीरगंज सुरेश कुमार सिंह चौकी इंचार्ज एमडी राजपूत व सीओ मछली शहर अतर सिह को दिया मौके पर सभी जिम्मेदार अधिकारी पहुंच गए शव उसकी शिनाख्त किए तो राम आसरे गौतम पुत्र पांचूराम 48 वर्ष निवासी घघरिया थाना मछली शहर के रुप मे हुई तो परिजनों को सूचना दी गई और इलाज के लिए मछलीशहर सीएचसी ले पहुचाया गया जहा चिकित्सक ने मृत्यु घोषित कर दिया परिजन भी मौके पर पहुच गये शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष सुरेश कुमार सिह ने बताया की शव को कब्जे मे लेकर परिजनो के सामने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## रेलवे कर्मचारी के बेटे का मिला शव : हत्या की आशंका

गोरखपुर मण्डल प्रभारी आशुतोष चौधरी : शाहपुर क्षेत्र के बिछिया बीजी कॉलोनी में आरपीएफ ट्रेनिंग स्कूल के पीछे आज सुबह रेलवे कर्मचारी राजेंद्र प्रसाद के 19 वर्षीय बेटे शिवा चौहान का शव मिला। उसके सिर में चोट के निशान मिले हैं। उसके हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस युवक के दो दोस्तों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि युवक कल रात घर पर यह बोल कर निकला था कि वह पंजाब जा रहा है। युवक घर से निकलने के बाद पास के ही एक रेलवे के फ्लैट की छत पर पार्टी की थी। जिसमें उसके दो दोस्त सद्दाम व प्रमोद भी शामिल हुए थे। दोस्तों का कहना है कि शराब पीने के बाद वह छत से गिर गया। पुलिस को दोस्तों के छत से गिरने वाली बात पर विश्वास नही हो रहा है।मृतक शिवा पंजाब में रहकर कमाता था। वह एक महीने पहले ही गोरखपुर आया था।फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों का कहना है कि जिस छत से गिरने की बात कही जा रही है उसपर 3 से 4 घ्फीट की बाउंड्री है और फिर बालकनी है और तब जाकर नीचे का फर्श है। युवक दो भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसका बैग व शराब की बोतले पुलिस को छत पर मिली हैं जहां पार्टी हुई थी।

## स्वस्थ भारत (न्यास) के सातवें स्थापना दिवस पर देश के तीन बड़े स्वास्थ्य संस्थानों को मिलेगा सुशीला नायर स्वस्थ भारत उत्कृष्टता सम्मान

आर एल पाण्डेय नई दिल्ली/ गाजियाबाद : स्वास्थ्य के क्षेत्र में एडवोकेसी का काम कर रही संस्था स्वस्थ भारत (न्यास) आगामी 7–8 मई को अपना सातवां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। इस अवसर पर 'स्वस्थ भारत के निर्माण में भारतीय स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र की भूमिका विशेष संदर्भ कोविड–काल' विषयक दो दिवसीय राष्ट्रीय स्वास्थ्य चिंतन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर स्वस्थ भारत (न्यास) ने देश की दूसरी महिला स्वास्थ्य मंत्री सुशीला नायर के नाम पर सुशीला नायर स्वस्थ भारत उत्कृष्टता सम्मान दिए जाने की घोषणा की है। इस वर्ष यह सम्मान देश के निम्न तीन उत्कृष्ट स्वास्थ्य संस्थानों को दिया जा रहा है। 1.कर्नाटक हेल्थ इंस्टीट्यूट, बेलगाम कर्नाटक 2 कस्तूरबा हेल्थ सोसायटी, वर्धा, महाराष्ट्र 3.विराट हॉस्पिस, जबलपुर, मध्यप्रदेश इस अवसर पर स्वस्थ भारत (न्यास) की ओर से आयोजित स्वस्थ भारत यात्रा में शामिल रहे यात्रियों को स्वस्थ भारत यात्री सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। जिनके नाम हैं– 1. श्री प्रसून लतांत, दिल्ली 2. डॉ. सोम शेखर, उत्तराखंड 3. श्री कुमार कृष्णन, बिहार 4. श्रीमती प्रियंका, बिहार 5. श्री संतोष कुमार सिंह, दिल्ली 6. श्री संभू कुमार, झारखंड 7. श्री विनोद रोहिल्ला, हरियाणा 8. श्री पवन कुमार,हरियाणा 9. श्री धर्मेन्द्र उपाध्याय, बिहार 10. श्री विवेक कुमार शर्मा, उत्तर प्रदेश 11. श्री आशुतोष कुमार सिंह, बिहार 12. स्व. अशोक प्रियदर्शी (मरणोपरांत), दिल्ली साथ ही स्वस्थ भारत के विचार को लोगों तक पहुंचाने के लिए देश भर के 26 स्वास्थ्य–सेवकों को स्वस्थ भारत सारथी सम्मान भी दिया जाएगा। उनके नाम निम्नवत है दृ1.श्री देबाशीष मजूमदार, त्रिपुरा 2.श्री केशव आचार्य,चेन्नई 3.श्रीमती अल्का अग्रवाल सिगतिया, मुंबई 4. श्री विनित कुमार झा, जबलपुर 5. श्री पंकज पाठक, रांची 6. श्री संदीप पांडेय, पटना7. श्री अभिषेक कुमार (दिल्ली)8. डॉ. एन.के.आनंद, बिहार 9.डॉ. गणेश राख, पुणे 10. श्री बी.एन.शिन्दे, कर्नाटक 11. श्री अतुल मोहन सिंह, लखनऊ 12. श्री सरोज सुमन, मुंबई 13. श्री अमित त्यागी, उत्तर प्रदेश 14. श्री देवेन्द्र माधोपुर, राजस्थान 15. श्री सचिन अरोड़ा, कपूरथल्ला, पंजाब 16. श्री अमित कुमार, दिल्ली 17. श्री शिवकरण मील,




राजस्थान 18. श्री रिजवान रजा, दिल्ली 19. श्री नलिनी रंजन, दिल्ध्ली 20. डॉ. विवेक अग्रवाल, कोलकाता 21. श्री मणिशंकर, दिल्ली 22.श्री समर मंडलोई, इंदौर 23. श्री संजीव कुमार, दिल्ली 24. श्री संजय बेंगाणी, गुजरात 25. पंचदेव शुक्ल (दिल्ली) 26. पुष्कर शर्मा (नोएडा, यूपी) दो दिन तक चलने वाले इस स्वास्थ्य अमृत चिंतन शिविर के अलग–अलग सत्रों में देश के विभिन्न कोनों से विशिष्ट वक्ता आ रहे हैं। उद्घाटन सत्र में जहां एस्ट्रो गुरु पवन सिन्हा जी, पद्मश्री मालिनी अवस्थी जी का सानिध्य मिलेगा वही समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति के उपाध्यक्ष विजय गोयल, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के संयुक्त निदेशक डॉ. जे.एल.मीणा, पद्मश्री रामबहादुर राय जी का सानिध्य प्राप्त होगा। प्रथम दिवस में जहां एक ओर स्वस्थ भारत के निर्माण में आयुष की भूमिका, सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की प्रगति, मानसिक स्वास्थ्य कि स्थिति, पोषण की जरूरत, जनऔषधि की भूमिका विषयक चर्चा तो होगी ही साथ ही शाम को रंगा–रंग कार्यक्रम में प्रसिद्ध लोकगायिका सीमा तिवारी, वरिष्ठ शास्त्रीय गायिका सुमिता दत्ता, बॉलीवुड गायक–अभिनेता अमरेन्द्र शर्मा, प्रसिद्ध संगीतकार एवं गायकर सरोज सुमन, मशहूर हास्य कवि दीपक सैनी, अंतराष्ट्रीय कथक नृत्यांगना अनु सिन्हा, उभरती लोक गायिका अनु श्री एवं अदिति का भरत–नाट्यम की प्रस्तुति होगी। इस सत्र में प्रसिद्ध लोकगायिका विजया भारती जी का विशेष सानिध्य भी प्राप्त होगा। दूसरे दिन स्वस्थ भारत के निर्माण में मीडिया एवं गैर–सरकारी संगठनों की भूमिका विषय पर चर्चा करने के बाद अंत में गांधी के स्वास्थ्य चिंतन विषय पर गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति के निदेशक दीपांकर श्री ज्ञान का विशेष उद्बोधन होगा। गौरतलब है कि स्वस्थ भारत (न्यास) अपने स्थापना काल से ही भारत में स्वास्थ्य जागरूकता का ध्वजवाहक बना हुआ है। देश के आम जन को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए विविध प्रकार के आयोजन संस्था करती रही है। अब तक दो बार अलग–अलग विषयों को लेकर पूरे भारत में 42,000 कि.मी. की यात्रा स्वस्थ भारत (न्यास) के यात्रियों ने किया है। पहली यात्रा 'स्वस्थ बालिका स्वस्थ समाज' विषय पर थी जबकि दूसरी यात्रा का विषय 'स्वस्थ भारत के तीन आयामः जनऔषधि, पोषण और आयुष्मान' था। इसी संदर्भ को आगे बढ़ाते हुए भारत के स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र के सात आयामों पर सात सत्रों में विषय विशेषज्ञों का व्याख्यान होगा।

## भारतीय जनता पार्टी जौनपुर की परिचयात्मक बैठक सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी जौनपुर और मछ्ली शहर की सयुक्त बैठक जिलाध्यक्ष पुष्पराज के अध्यक्षता में नगर स्थित सिद्दार्थ उपवन में सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह ओलख उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पण्डित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया। उसके उपरांत मुख्य अतिथि बलदेव सिंह ओलख को जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उसके उपरांत राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चन्द्र यादव, राज्यसभा सांसद श्रीमती सीमा द्विवेदी, विधायक रमेश चन्द्र मिश्रा और जिलाध्यक्ष मछलीशहर राम विलास पाल ने भी पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुये कहा कि यूपी के इतिहास में भाजपा पहली ऐसी पार्टी है जो सत्ता में दोबारा लौटी है। हमारी सरकार ने एक एक योजना को जनता तक पहुंचाया, केंद्रीय योजनाओं को लागू करने में भी प्रदेश नंबर वन रहा। हमारी सरकार में पहली बार गरीब को लगा कि उसका भी घर बन सकता है। यूपी में अब विकास और रिफॉर्म की बात होती है। चुनाव प्रचार के दौरान विपक्ष ने दुष्प्रचार किया। आज यूपी तेजी से विकास करने वाला राज्य है। सत्ता प्राप्त करना प्रतिष्ठा का विषय नहीं, जनता के विश्वास पर खरा उतरना बड़ी चुनौती थी। हमारी सरकार ने बिना भेदभाव के आम जन तक गरीब कल्याण की योजनाएं पहुंचाई हैं। सपा–बसपा की सरकार में गरीबों के विकास के लिए कोई योजना नहीं थी। हमारी सरकार ने प्रदेश की जीडीपी



को बढ़ाया। आज प्रदेश दंगा मुक्त है। अब वंशवाद और जातिवाद की राजनीति नहीं चलेगी। हमने सुशासन और गरीब कल्याण के लिए काम किया। अब हम लोगों की आय को दोगुणी करेंगे। प्रदेश को नंबर वन अर्थव्यवस्था बनाएंगे। सत्ता में रहकर मालिक बनकर नहीं बल्कि सेवक बनकर काम करेंगे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री सुशील मिश्रा ने की। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता, सुनील तिवारी, ई अमित श्रीवास्तव, मेहीलाल गौतम, जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंघानिया, संतोष सिंह, राकेश शुक्ला, बृजेश सिंह, बृजनारायन दुबे, श्रीप्रकाश पाण्डेय, संदीप सरोज, जिला मंत्री उमाशंकर सिंह, अभय राय, अवधेश यादव, प्रमोद यादव, विजय लक्ष्मी साहू, जयेश सिंह, महेन्द प्रजापति, विपिन द्विवेदी, ओमप्रकाश सिंह, डीसीएफ चेयरमैन धनञ्जय सिंह, जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह, सिद्दार्थ राय, रोहन सिंह, अनिल गुप्ता, मेराज हैदर, विनीत शुक्ला, इन्द्रसेन सिंह, प्रमोद प्रजापति, अवनीश यादव, मण्डल अध्यक्ष गण जितेंद्र मिश्रा, शैलेश सिंह, बलवीर गौड़, नरेन्द्र विश्वकर्मा, भूपेश सिंह, मैन बहादुर यादव, अमित मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी द्वारा नगर पंचायत के निर्माण कार्यों के प्रगति की जानकारी प्राप्त कर दिए दिशा निर्देश

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में नगर पंचायत के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने समस्त ई०ओ० और निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया कि जो भी निर्माण कार्य अवशेष है, उन्हें शीघ्र पूर्ण कराएं। जिलाधिकारी ने मुख्य राजस्व अधिकारी रजनीश राय को कहा कि सभी कार्यालय नगर पंचायत में अधिकारी एवं कर्मचारी समय से



उपस्थित हो और अपने पटल के कार्यों को शीघ्रता से संपादित करे सभी कार्यालयो एवं वार्डों में व्यापक रूप से साफ–सफाई का कार्य कराया जाए। कार्यालय नगर पंचायत के सी.सी.टी.वी. को जनपद के कंट्रोल रूम से जोड़ा जाए और कंट्रोल रूम से निगरानी की जाये। उपनिदेशक कृषि जयप्रकाश से किसान क्रेडिट कार्ड के प्रगति के संबंध में जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि जल्द से जल्द शत–प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त कर ले। पीएम किसान निधि के लाभार्थियों का केसीसी कार्ड जारी किया जाना है, जिसके संबंध में निर्देशित किया कि पंचायत सहायकों एवं सचिव से सहयोग लेते हुए केसीसी कार्ड अभियान चलाकर बनवाया जाए। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि किसान क्रेडिट में बैंक के द्वारा किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न की जा रही है तो एलडीएम को सूचित करें। प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य योजनाओं के प्रगति की जानकारी पी.ओ. डूडा अनिल वर्मा से प्राप्त की।

## शादी के कार्ड द्वारा निरन्तर दिया जा रहा हैं बेटा पढ़ाओ–संस्कार सिखाओ अभियान का संदेश

लक्ष्मणगढ़ – (सीकर) –: बेटा पढ़ाओ–संस्कार सिखाओ अभियान के सदस्य एवं अखिल भारतीय नायक महासभा के तहसील अध्यक्ष महावीर नायक ने अपनी पुत्री बबीता एवं पुत्र विक्रम सिंह की विवाह आमंत्रण पत्रिका के माध्यम से बेटा पढ़ाओ–संस्कार सिखाओ अभियान का संदेश दिया। बबीता की शादी 6 मई एवं विक्रम की 8 मई को होनी है। महावीर नायक ने बताया कि यह पहल वाकई में सराहनीय पहल हैं। अगर बेटा पढ़ा–लिखा शिक्षित एवं संस्कारित होगा तो बेटियां स्वतः ही सुरक्षित हो जाएंगी। यह अभियान आज समाज की आवश्यकता बन चुका है। मैं इस अभियान के संयोजक भाई हरीश शर्मा एवं सह–संयोजक आकाश झुरिया को हार्दिक साधुवाद देता हूं कि उन्होंने एक नई पहल को प्रारंभ कर समाज हित में कार्य कर रहे हैं।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

श्रेष्ठता जन्म से नहीं, गुणों से होती है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# लक्ष्मण रेखा की गरिमा : शक्ति संतुलन हेतु संविधान में है सरकार

जब टैक्स मामलों में सुप्रीम कोर्ट अपने विशिष्ट अधिकारों का इस्तेमाल कर सकती है, तो फिर लाखों लोगों के जीवन और उनके परिवार के कल्याण के लिए ऐसा आदेश क्यों नहीं दिया जा सकता? गिरफ्तारी होने पर बेल नियम और जेल अपवाद है। वंचित वर्ग को न्याय देने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने कई आदेश पारित किए हैं, तो फिर विचाराधीन कैदियों के मामलों में भी वह ऐसा कर सकती है।

पिछले दिनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों और उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों के सम्मलेन में सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश ने लक्ष्मण रेखा की बात की थी। न्यायाधिकरण में नियुक्ति के मामले में बहस के दौरान अटार्नी जनरल ने कहा था कि संविधान में सरकार, संसद और सुप्रीम कोर्ट के अधिकारों का बंटवारा है, इसलिए नीतिगत मामलों में अदालतों को हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए। इस सम्मलेन में लंबित मामलों और जेलों में बंद बेगुनाह कैदियों के दो महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक बहस हुई।

प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमना ने कहा कि पिछली कॉन्फ्रेंस 2016 में हुई थी, तब 2.61 करोड़ लंबित मामलों के निपटारे के लिए जिला अदालतों में 24,112 जज थे। अब छह साल बाद जिला अदालतों में लंबित मामलों की संख्या 55 फीसदी बढ़कर 4.1 करोड़ हो गई, लेकिन जजों की संख्या में सिर्फ 16 फीसदी वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिला जजों की अध्यक्षता में कमेटी बनाकर जेलों में बंद 3.5 लाख से ज्यादा विचाराधीन कैदियों की जल्द रिहाई के लिए ठोस प्रयास होने चाहिए।

जेलों में बंद लोग पुरातन कानूनी व्यवस्था या पुलिस ज्यादती के शिकार हैं, पर इसके लिए अदालतों की ज्यादा जवाबदेही है। लाखों बेगुनाह मुकदमों में विलंब या जमानत नहीं मिलने की वजह से जेलों में बंद हैं। संविधान के अनुच्छेद 14 में बराबरी और 21 में सभी को जीवन का अधिकार हासिल है। जेलों में बंद अधिकांश विचाराधीन कैदियों को (जो गरीब, अशिक्षित और वंचित वर्ग के हैं) जल्द रिहाई का सांविधानिक हक है। मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने हाल ही में एक अहम फैसला दिया है।

प्रेमिका की हत्या के आरोप में गलत अभियोजन के कारण एक डॉक्टर को 13 साल जेल में काटना पड़ा, जिससे उसका जीवन तबाह हो गया। अदालत ने उसकी आजीवन कारवास की सजा रद्द करते हुए, तीन महीने के भीतर उसे 42 लाख रुपये का मुआवजा देने और भुगतान में विलंब होने पर नौ फीसदी ब्याज देने का आदेश दिया। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने आयकर विभाग द्वारा जारी 90 हजार नोटिसों को वैध ठहराते हुए इलाहाबाद, बंबई, कोलकाता, दिल्ली, मद्रास और राजस्थान हाई कोर्ट के अनेक फैसलों में बदलाव कर दिया।

अपने विशेष अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश दिया है, जिससे देश भर में चल रहे नौ हजार मुकदमे खत्म हो जाएंगे। जब टैक्स मामलों में सुप्रीम कोर्ट अपने विशिष्ट अधिकारों का इस्तेमाल कर सकती है, तो फिर लाखों लोगों के जीवन और उनके परिवार के कल्याण के लिए ऐसा आदेश क्यों नहीं दिया जा सकता? गिरफ्तारी होने पर बेल नियम और जेल अपवाद है। वंचित वर्ग को न्याय देने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने कई आदेश पारित किए हैं, तो फिर विचाराधीन कैदियों के मामलों में भी वह ऐसा कर सकती है।

उसके तहत समयबद्ध तरीके से जेलों में बंद सभी कैदियों के मामलों के रिव्यू और रिहाई के लिए जिला जजों की जिम्मेदारी तय हो जाए, तो फिर लक्ष्मण रेखा पार किए बगैर इससे मुक्ति मिल सकती है। मुकदमेबाजी में कमी आए और कानून का शासन बढ़े, तो ईज आफ डूइंग बिजनेस, ईज ऑफ लिविंग व ईज ऑफ मोबिलिटी के साथ निवेशकों का भारत में भरोसा भी बढ़ेगा। चीफ जस्टिस के अनुसार, सरकार और अफसर अदालतों के आदेशों की परवाह नहीं करते।

इसकी वजह से हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में सरकारों के खिलाफ अवमानना के हजारों केस लंबित हैं। कानूनों में स्पष्टता हो, उन्हें बनाने से पहले पक्षकारों के साथ विमर्श हो और पुलिस–प्रशासन उनका दुरुपयोग न करे, तो मुकदमे में भारी कमी आ सकती है। बिहार में शराबबंदी कानून की वजह से बढ़ते आपराधिक मुकदमे हों या फिर चेक बाउंसिंग से जुड़े 33 लाख मामले–ये सरकार और विधायिका की विफलता को दर्शाते हैं। इस वजह से भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अकुशलता के साथ आम जनता का उत्पीड़न भी बढ़ता है।

ऐसे मामलों में राहत देने के बजाय सरकार और न्यायपालिका नियमित लक्ष्मण रेखा का उल्लंघन करते हैं। इसकी एक बानगी समान नागरिक संहिता मामले से सामने आती है। चीफ जस्टिस के अनुसार, कानून बनाना संसद का काम है, फिर भी इन मामलों में नियमित न्यायिक हस्तक्षेप होता है। इससे अराजकता के साथ अदालतों के ऊपर मुकदमों का बोझ भी बढ़ता है। दूसरी तरफ कानूनी सुधार और गवर्नेंस के मामलों में ठोस निर्णय लेने के बजाय सरकार और न्यायपालिका फाइल सरकाने में व्यस्त रहते हैं, जिसका पता सरकार और अदालतों में इस्तेमाल हो रहे कागजों से चलता है।

थिंक टैंक सीएएससी ने पिछले चार साल में पूरे देश में एक समान ए–4 कागज के दोनों तरफ प्रिंट करने के लिए केंद्र, राज्य और सभी हाई कोर्ट को अनेक प्रतिवेदन दिए। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट और 16 हाई कोर्ट ने ए–4 कागज के इस्तेमाल को मंजूरी दे दी है। लेकिन अनेक हाई कोर्ट में सिर्फ एक तरफ प्रिंट का सिस्टम बरकरार है। सुप्रीम कोर्ट न्यायिक आदेश से या फिर केंद्र सरकार नियमों में बदलाव की पहल करे, तो 'एक देश एक कागज' का सिस्टम लागू हो सकता है।

इससे प्रशासनिक क्षमता बढ़ने के साथ अरबों लीटर पानी की बचत और हजारों पेड़ों को कटने से बचाया जा सकेगा। लॉकडाउन के दौरान घरों से बैठकर सुनवाई करने, लिमिटेशन पीरियड में छूट, स्टे आदेश को आगे बढ़ाने जैसे कई मामलों में स्पष्ट कानूनी–व्यवस्था नहीं होने के बावजूद, अदालतों ने क्रांतिकारी आदेश पारित किए। उन्हीं मापदंडों और अधिकारों का इस्तेमाल करके सुप्रीम कोर्ट जल्द फैसले की पहल करे, तो करोड़ों मुकदमों के बोझ से समाज और देश को राहत मिल सकती है।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# लल्लन यादव ने टीम के साथ ली शपथ,अनिल लोधी को अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। पारा के हंस खेड़ा उद्योग व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन बृहस्पतिवार को महाराजा लॉन में हुआ। मुख्य में अतिथि लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ महामंत्री अमरनाथ मिश्र विशिष्ट अतिथि लखनऊ व्यापार मंडल के महामंत्री पवन मनोचा व उमेश कुमार शर्मा थे। अध्यक्षता सुशील तिवारी (सोनू पंडित) ने की। मुख्य अतिथि ने अध्यक्ष लल्लन यादव, वरिष्ठ महामंत्री राजकुमार विश्वकर्मा कोषाध्यक्ष सुरेंद्र शुक्ल, उपाध्यक्ष रामू लोधी, अनिल वर्मा अवधेश यादव, कृपाशंकर मिश्रा परीक्षित गुप्ता, कैलाश रावत, मनोज यादव, जितेंद्र यादव, राजेश निगम, शिवा यादव, पवन लोधी, महामंत्री अभिषेक यादव, महेंद्र यादव, जय सिंह यादव, वरिष्ठ सचिव मो. आलम, सचिव पिंटू यादव, आशीष यादव, विजय यादव रजत जायसवाल,



अनिल यादव, मधु तिवारी, विशिष्ट सलाहकार विमलेश यादव, प्रदीप शुक्ल को शपथ दिलाई। समारोह के दौरान महाराजा लॉन के मालिक अनिल लोधी को अंग वस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : बल्दीराय तहसील क्षेत्र के हलियापुर में खेत की रखवाली कर रहे बुजुर्ग की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई।हलियापुर थाना क्षेत्र के पूरे मलईया पांडे मजरे कांपा गांव में खेत की रखवाली कर रहे किसान सिद्ध नाथ पांडेय (60)वर्ष पुत्र शिवदास पांडेय की आकाशीय बिजली के चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक गांव के बाहर रात में खेत की रखवाली करने गया था। जब बारिश होने लगी तो वह खेत के पास आम के पेड़ के नीचे जाकर छिप गया।अचानक आकाश से तेज हवा और बारिश के साथ आकाशीय बिजली आई और वृद्ध को अपने चपेट में ले लिया,जिससे मौके पर उसकी मौत हो गई।घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर हलियापुर थानाध्यक्ष अजय द्विवेदी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए



भिजवाया।घटना की सूचना पाकर बल्दीराय तहसीलदार घनश्याम भारतीय मौके पर पहुँचे और घटना का निरीक्षण किया व पीड़ित परिवार को हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया।

# माइक्रो डोनेशन अभियान के जरिए लोगों को जोड़ रही भाजपा : डा. आरए. वर्मा

सुलतानपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष डॉ आरए. वर्मा के नेतृत्व एवं नगर इकाई के अध्यक्ष आकाश जायसवाल के संयोजन में शहर के शाहगंज चौराहे पर माइक्रो डोनेशन कैंप लगाया गया। माइक्रो डोनेशन कैंप का शुभारंभ डॉ आर.ए.वर्मा ने फीता काटकर किया।इस दौरान पार्टी फंड के लिए लगभग 200 लोगों से ऑनलाइन डोनेशन लिया गया।मुख्य अतिथि एवं भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ.आर. ए.वर्मा ने कहा कि भाजपा प्रदेश स्तर पर माइक्रो डोनेशन के तहत लोगों को जोड़ने का काम कर रही है। डॉक्टर वर्मा ने बताया माइक्रो डोनेशन अभियान के तहत पार्टी कार्यकर्ताओं तथा आम जनता से 5 रूपए, 50 रुपए ,100 रूपए 500 रूपए तथा 1000 रूपए तक पार्टी फंड में डोनेशन देने का अनुरोध कर रही है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के विकास के लिए जन विश्वास को साथ लेकर कई कीर्तिमान स्थापित किया है।जनता सरकार द्वारा किए गए कार्यों की सराहना कर रही है। उन्होंने कहा भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर लोग पार्टी के सदस्य बनकर देश के प्रति समर्पण कर रहे हैं। पार्टी प्रवक्ता विजय सिंह ने बताया अब तक जिले में 30 हजार लोगों ने पार्टी फंड में ऑनलाइन डोनेट किया है।वही एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने व्यक्तिगत रूप से लगभग 17 सौ लोगों को पार्टी फंड में डोनेट करवाया है। जिले में संगठनात्मक 26 मंडलों में जयसिंहपुर मंडल माइक्रो डोनेशन अभियान में नंबर 1 पर है।भाजपा के जिला महामंत्री व माइक्रो डोनेशन अभियान के जिला प्रमुख घनश्याम चौहान लगातार लोगों को पार्टी फंड में डोनेट करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।माइक्रो डोनेशन अभियान 7 मई तक चलाया जाना है। आज शहर में लगे माइक्रो डोनेशन कैंप में प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल, जिला महामंत्री संदीप सिंह एवं धर्मेंद्र कुमार,मीडिया विभाग के जिला संयोजक अरुण कुमार द्विवेदी, सचिन अग्रहरि, उपमा शर्मा, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष मंजू तिवारी,रेनू सिंह,प्रीति शर्मा,रचना अग्रवाल, सौरभ पांडे,राजकुमार सोनी,रवि श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव,राम अवध जयसवाल, मोहित साहू, अंकित अग्रहरि, राहुल भान मिश्रा, प्रदीप मिश्रा सुनील जयसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# पारिवारिक एवं दाम्पत्य के अधिकतम वादों के निस्तारण हेतु बैठक आयोजित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर एम0पी0 सिंह के संरक्षण में 14 मई 2022 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में परिवारिक/दाम्पत्यविवादों के अधिकतम मामलों के निस्तारण के सम्बन्ध में विचार–विमर्श हेतु प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय सत्य प्रकाश, की अध्यक्षता एवं सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शिवानी रावत के संयोजन में 06 मई 2022 को विश्राम कक्ष प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय में 12:00 बजे बैठक आहूत की गयी। बैठक में पारिवारिक न्यायालयों द्वारा निस्तारण हेतु चिन्हित सभी मामलों के निस्तारण हेतु पक्षकारों को लोक अदालत में निस्तारण के लाभों को बताते हुए प्रेरित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। किसी प्रकरण के निस्तारण में आने वाली कठिनाईयों और निराकरण के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक विचार–विमर्श किया गया। प्री–लिटिगेशन स्तर पर पारिवारिक/दाम्पत्य विवादों के समाधान के सम्बन्ध में विचार–विमर्श करते हुए गठित पीठ के माध्यम से अधिकतम मामलों निस्तारण कराये जाने पर बल दिया गया। सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शिवानी रावत द्वारा लोक अदालत के मामलों के निस्तारण से होने वाले लाभ जैसे–निस्तारण हेतु किसी प्रकार का न्याय शुल्क देय नहीं होना, लोक अदालत में निस्तारण कर लम्बित मामलों मे न्याय शुल्क की वापसी की व्यवस्था, लोक अदालत के निर्णय के विरूद्ध कोई अपील नहीं होना बताकर लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों को निस्तारण करवाकर लोक अदालत को सफल बनाये जाने की अपील की गयी। बैठक में समस्त अपर प्रधान न्यायाधीशगण परिवार न्यायालय उपस्थित रहें।

# नौनिहाल छात्रों ने बनाया सपनों का घर

आर एल पाण्डेय गोण्डा। शिक्षा क्षेत्र झंझरी के अन्तर्गत पूर्व माध्यमिक विद्यालय हारीपुर नवीन में शिक्षा ग्रहण कर रहे नौनिहाल छात्रों में रचनात्मक क्षमता जागृत करने के लिए माडल प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय की शिक्षिका डा उमा सिंह के संयोजन में आयोजित किया गया। जिसमें दर्जनों छात्र छात्राओं ने आकर्षक माडल बनाकर अपनी प्रतिभा का बढ़चढ़ कर प्रदर्शन किया। छात्र अंजनी कुमार सिंह के सोलर संचालित बैट्री पंखा बनाकर बाल वैज्ञानिक के रूप में सराहना मिली।जबकि छात्राओं के आकर्षक सपनों के घर माडल पर विद्यालय की ओर से पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी विनोद कुमार कुमार सिंह ने सभी प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए शिक्षकों को ऐसे रचनात्मक पहल आयोजित कर छात्रों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया। कार्यक्रम में सभी राखी, गजेन्द्र, मंजू, मीनाक्षी एवं सरोज आदि प्रतिभागी छात्र – छात्राओं को सम्मानित किया गया।

# डीएम के निर्देश पर 10 थानों का एडीएम व अपर पुलिस अधीक्षक तथा एसडीएम व सीओ द्वारा किया गया निरीक्षण

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : थानों की समस्या थानों पर कैसे निस्तारित किया जा सके जिलाधिकारी विजय किरन आनंद ने जनपद के 10 थानों पर एडीएम को अपर पुलिस अधीक्षक के साथ और एसडीएम को सीओ के साथ थानों पर भेज कर थानों पर लंबित मामलों थाना की फाइलों के रखरखाव थानों पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण कैसे किया जा रहा अधिकारियों को थानों का निरीक्षण करने के लिए भेजा जिससे थानों में शिकायतों के गुणवक्ता परक निस्तारण कर महिला अपराध पर अंकुश लगाने गैंगस्टर बीट व्यवस्था सुधार लाने के लिए थानों का अवस्थापना कायाकल्प पास्को/महिला अपराध गैंगेस्टर/हिस्ट्रीशीटर का चिन्हीकरण व उनके विरुद्ध किए जा रहे निरोधात्मक कार्रवाई बीट व्यवस्था थाना अध्यक्ष व थाने पर तैनात अन्य पुलिसकर्मियों की आमजन में क्या छवि है थानों पर आने वाले जन शिकायतों की गुणवत्ता परक निराकरण के प्रगति भूमि विवाद रजिस्टर थाना दिवस रजिस्टर तहसील दिवस रजिस्टर का अवलोकन करने के लिये जनपद के इन थाने पर एडीएम सिटी व पुलिस अधीक्षक नगर को रामगढ़ताल थाने पर एडीएम प्रशासन व पुलिस अधीक्षक उत्तरी को कैंपियरगंज थाने पर एडीएम वित्त व पुलिस अधीक्षक दक्षिणी को गोला थाने पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम सदर व सीओ कैंट को खोराबार थाने पर एसडीएम कैंपियरगंज व सीओ कैंपियरगंज को पीपीगंज थाने पर एसडीएम गोला व सीओ गोला को बड़हलगंज थाने पर एसडीएम बांसगांव व सीओ बांसगांव को बांसगांव थाने पर एसडीएम चौरीचौरा व सीओ चौरी चौरा को चौरी चौरा थाने पर एसडीएम सहजनवा व सीओ कोतवाली को गीडा थाने पर एसडीएम खजनी व सीओ खजनी को सिकरीगंज थाने पर जिलाधिकारी ने टीमे गठित कर भेजा की थानों पर महिला अपराध गैंगेस्टर बीट व्यवस्था आमजन की शिकायतों का गुणवत्ता परक निस्तारण थानों पर किया जा रहा या नहीं राजकीय सम्पति माल खाना अभिलेखों का निरीक्षण कर कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ बनाने के लिए राजकीय संपत्ति मालखाना अभिलेखों की गुणवत्ता परिसर की साफ सफाई की चेकिंग किया ।निरीक्षण के दौरान थाना परिसर बैरक की साफ सफाई को विशेष महत्व दिया गया।साथ ही थाने पर मेस राजकीय संपत्ति शस्त्र–कारतूस की स्थिति अभिलेखों का अवलोकन व रखरखाव सीसीटीएनएस नक्शे चार्ट तख्तियां डाकबही गैंगचार्ट बीट बुक गैंगेस्टर/ हिस्ट्रीशीटर की निगरानी कंप्यूटरीकृत अभिलेखों के संबंध में डाटा की अद्यावधिक स्थिति थाने पर मौजूद असलहा शस्त्र का निरीक्षण थाने पर माल– मशरूका के निस्तारण हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी करने व अधिक से अधिक बीट सूचनाएं अंकित करने के निर्देशित किया गया।महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण कर महिला डेस्क पर आने वाली महिलाओं की समस्याएं का त्वरित निस्तारण करना वहाँ लगे सीसीटीवी कैमरा स्पीकर थाने पर आए हुए आवेदकों की वीडियो रिकार्डिंग को चेक किया तथा समस्त सूचनाओ तथा जन सामान्य के बैठने एवं स्वच्छ पेय जल व प्रसाधन की उचित व्यवस्था के बारे में जानकारियां प्राप्त किया। आइजीआरएस निस्तारण के तौर–तरीकों की जानकारियां प्राप्त कर आईजीआरएस निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दीया की आईजीआरएस शिकायत प्रार्थना पत्रों को बीट पुलिस अफसर थाना प्रभारी व वादी से वार्ता करने के बाद वादी को संतुष्ट किया जाए तभी आईजीआरएस प्रकरणों का निस्तारण किया जाए एक ही मामले में बार–बार आइजीआरएस डालने वाले व्यक्तियों को चिन्हित कर पूछा जाए कि एक ही मामले में बार–बार क्यों आईजीआरएस डाला जा रहा किन कारणों से उसके मामले का निस्तारण नहीं हो रहा इसे गंभीरता से लिया जाए जिससे बार–बार एक ही मामले का आईजीआरएस ना डाला जा सके और उस मामले का गुणवत्ता युक्त तरीके से निस्तारण किया जा सके जिससे फरियादी को बार–बार थानों का चक्कर न लगाना पड़े और उसको न्याय संगत न्याय मिल सके।

# राशन आवंटन में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जिले में सिंगल स्टेज डोर डिलीवरी व्यवस्था 28 मई से शुरू हो जाएगी

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : जिलाधिकारी विजय किरन आनंद की अध्यक्षता में जिलाधिकारी सभागार में आरएफसी सप्लाई व ठेकेदारों के साथ जिलाधिकारी ने बैठक कर राशन आवंटन में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए जिले में सिंगल स्टेज डोर डिलीवरी व्यवस्था 28 मई से शुरू हो जाएगी। इसके तहत एफसीआइ के गोदामों से सीधे राशन की दुकानों पर राशन पहुंचेगा। अब तक सीएफसी के माध्यम से राशन पहुंचता है। घटतौली व फर्जीवाड़ा रोकने के लिए यह व्यवस्था शुरू की जा रही है। जिले में कुल 1885 राशन की दुकानें हैं। आठ लाख अस्सी हजार कार्ड धारक जुड़े हैं। इन दुकानों पर एसएफसी के गोदामों से राशन पहुंचता है। हर ब्लाक पर एसएफसी का गोदाम है। इसमें घटतौली की शिकायतें मिलती हैं। शासन स्तर से बरेली जनपद में शुरुआत पहले की गई थी। इसके तहत सीधे राशन की दुकानों पर खाद्यान पहुंचाया गया। इसमें तमाम अड़चनें भी आईं। विभागीय अफसरों ने इसकी विस्तृत रिपोर्ट बनाकर शासन को भेजी। उनमें सुधार के साथ पूरे प्रदेश में इसकी शुरुआत करने का फैसला लिया गया है। जिले में इस नई व्यवस्था की शुरुआत 28 मई से हो रही है। इसके तहत एफसीआइ के गोदामों से सीधे डीलर की दुकान पर राशन पहुंचेगा। नई व्यवस्था के लिए सभी ब्लाकों का एक साथ पूरा रूट चार्ट तैयार किया गया है। अगर किसी डीलर के द्वार तक ट्रक या अन्य वाहन नहीं जा पा रहा है तो वहां से छोटे वाहनों के माध्यम से भी राशन पहुंचाने की व्यवस्था की गई है। जिन कोटेदारों की दुकानें सकरी गलियों में है वहां कोटेदार अपने माध्यम से राशन को मेन रोड से उठाकर ले जाएगा 4 महीने के अंदर उन कोटेदारों को मेन रोड पर अपने कोटे की दुकान को लाना होगा जिससे उनकी दुकान तक ट्रकों से राशन को पहुंचाया जा सके जनपद में 19 ठेकेदारों द्वारा 1885 कोटेदारों के यहां राशन पहुंचाया जाता है इनमें से तीन ठेकेदार आज जिलाधिकारी के बैठक में सम्मिलित नहीं हुए थे जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे बिचौलियों से सावधान रहना है जो महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित नहीं होते हैं उन पर बराबर कड़ी नजर बनाई जाये। आंकड़ों के मुताबिक जिले में 1885 कोटेदारों के यहाँ हर महीने 3500 मीट्रिक टन राशन आता है। इसमें गेहूं व चावल शामिल हैं। 50 किलो के बोरे होते हैं। 2.50 लाख से अधिक बोरे हर महीने बनते हैं। इन बोरों का अलग से वजन होना चाहिए, लेकिन ब्लाक के गोदाम प्रभारी बिना वजन किए ही राशन देते हैं। बोरे का वजन करीब 500 से 600 ग्राम होता है। एक महीने के उठान में ही 1500 कुंतल राशन का गोलमाल होता है। बाजार में इसकी कीमत 30 लाख रुपये से ऊपर बैठती है। खाद्यान्न के नुकसान पर विभाग ने विभागीय कर्मचारियों या कोटेदारों से बाजार भाव पर वसूली के लिए गेहूं का 21.86 रुपये और चावल का 29.96 रुपये प्रतिकिलो का भाव तय कर रखा है। शासन स्तर से सिंगल स्टेज डोर डिलीवरी व्यवस्था शुरू करने का फैसला हो गया है। इस महीने के 28 से इसकी शुरुआत हो जाएगी।

# सीओ खजनी के सराहनीय पहल पर तीन साल से बिछड़े परिवार को जोड़ा : खजनी थाना से हँसते निकली दो बच्चों की मां

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओझा : जनपद के खजनी थाना क्षेत्र में सीओ के सराहनीय पहल पर आज एक दम्पति परिवार के टूटे रिश्ते एक हो गए । बिगत तीन वर्षों से परिवारिक विबाद में उलझे पति पत्नी में दूरी बनी थी । जिसको अपने ब्यक्तिव का परिचय देते हुए सीओ खजनी ने आज दो विछड़े परिवार को मिला दिया । आपसी वैचारिक मतभेद व पारिवारिक झगड़ों की वजह से वे एक–दूसरे से अलग रह रहे थे जिसके कारण परिवार टूटने के कगार पर था। परन्तु परिवार परामर्श के सदस्यों के सूझबूझ से पति–पत्नी के मध्य आपसी मन–मुटाव व कलह को दूर कर एक साथ रहने को राजी कर परिवार सीओ खजनी अनिल सिंह ने मिला दिया। बताते चले खजनी थाना क्षेत्र के खुटहना में अमरजीत चौहान के पुत्री का विवाह 2019 तार्जन पुत्र स्वामी नाथ चौहान निवासी कुइकोल थाना हरपुर बुदहत में हुआ था । उन दाम्पति परिवार में बिगत तीन वर्षो से आपसी विवाद में मन मुटाव चल रहा था । मामला तलाक तक पहुंच चुका था । आज मामला सीओ खजनी अनिल सिंह के सज्ञान में हुआ । मामले को गम्भीरता से लिये और दोनों पक्ष को खजनी थाना में बुलाया गया। बड़ी सूझ बूझ का परिचय देकर सीओ खजनी ने दोनों परिवार को राजी कर दिए । खजनी थाने में दोनों परिवार एकत्र होकर लोगो के बीच सहमति जताई , दो बच्चो की मां पुलिस के सराहनीय कदम को एक हो गए । दाम्पति परिवार आशीर्वाद लेकर चले गए । उक्त अवसर पर प्रभारी निरीक्षक इकरार अहमद ,महिला कांस्ट्रेबल बर्षो सिंह , आरती सिंह दीक्षा शुक्ला समेत समस्त स्टॉप उपस्थित रहे।

# 9 एवं 10 मई को होगा 40 वां राष्ट्रीय रामायण मेला एवं जानकी जयंती महोत्सव

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। रामायण सर्किट का पावन तीर्थ श्री सीता भू प्रवेश धाम सीताद्वार तहसील इकौना जनपद श्रावस्ती में 40 वां राष्ट्रीय रामायण मेला एवं जानकी जयंती महोत्सव 9 एवं 10 मई 2022 को सीता भू प्रवेश धाम ट्रस्ट एवं सनातन धर्म परिषद के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है । 9 मई को श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ शुभारंभ होगा।



# जिलाधिकारी द्वारा की गई जनपद के विभिन्न विभागों के विकास कार्यो की समीक्षा

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा जनपद के विभिन्न विभागों के विकास कार्यो की समीक्षा की गयी और निर्देश दिया कि अधिकारी ससमय कार्यो को पूर्ण कराये। उन्होंने सभी अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि यदि उनके विभाग की प्रदेश में रैंकिंग खराब मिली तो उनके विरुद्ध प्रतिकूल प्रविष्टि देने की कार्रवाई की जाएगी, इसलिए शासन के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को गंभीरता से लेते हुए पात्रों को अधिक से अधिक लाभ दिलाया जाए। जिलाधिकारी द्वारा उपनिदेशक कृषि जयप्रकाश को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों को अभियान चलाकर शत–प्रतिशत केसीसी दे दिया जाए, ई–केवाईसी कार्य में भी तेजी लाए जाने के निर्देश दिए गए। समाज कल्याण विभाग के द्वारा आधार प्रमाणीकरण कार्य समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि जल्द से जल्द शत–प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त किया जाए। छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा की गई। उन्होंने अन्य विभागों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अपने कार्यालयों में साफ–सफाई कराना सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया कि अभ्युदय योजना का और अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार किया जाए। कोचिंग में एक फीडबैक रजिस्टर रखा जाए। अगले 01 महीने का शेड्यूल्स जारी कर दिया जाए। बैठक में दिव्यांग जन कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, प्रधानमंत्री आवास, शौचालय की समीक्षा की गयी। समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि क्षेत्र पंचायत के पैसों का भुगतान समय से हो जाए किसी भी प्रकार की पेंडेंसी न रहे। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा टीवी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान टीवी के मरीजों के चिन्हीकरण की स्थिति एवं एक्टिव केस के संबंध में जानकारी प्राप्त की। आईजीआरएस के तहत आने वाली शिकायतों के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी अधिकारी शिकायतकर्ताओं से बात करें और एक रजिस्टर बनाये। स्कूल चलो अभियान की फीडिंग समय से कराए जाने के निर्देश बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल को दिया। पीडब्ल्यूडी, जल निगम के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उद्यान अधिकारी के द्वारा बताया गया कि 92 हैक्टेयर उद्यान रोपण का लक्ष्य दिया गया, इसमें किसानों का चयन और पंजीयन की प्रक्रिया चल रही है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में भूसा दान करने की कार्यवाही में तेजी लायी जाय। भूसा दान करने वाले का बोर्ड गौ–शालाओं में लगाया जाये।

# लक्ष्य के सापेक्ष कम नामांकन करने के आरोप में छियालीस विद्यालयों को नोटिस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : परिषदीय विद्यालयों में दी गयी समय सीमा तक लक्ष्य के सापेक्ष छात्र संख्या बढ़ाने में नाकामयाब 46 विद्यालयों के कार्यवाहक प्रधान अध्यापकों को खण्ड शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार तिवारी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है! उन्होंने सम्बंधित को यह भी चेताया है कि एक सप्ताह के भीतर निर्धारित लक्ष्य को पूरा कर लें अन्यथा की दशा में कार्यवाही की जाएगी! सरकार की मंशा के मुताबिक बच्चों को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर उनका स्तर ऊंचा करना है! इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए बेसिक शिक्षा विभाग के आला अफसरों ने कमर कस ली है! परिणाम यह रहा कि 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाए गये अभियान के तहत बदलापुर में 5018 नए बच्चों के नामांकन कराने का लक्ष्य निर्धारित था! खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि लक्ष्य के सापेक्ष 30 छात्रों का अधिक नामांकन हुआ है! नए छात्रों की संख्या 5088 हुई है! खण्ड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि 46 ऐसे विद्यालय हैं जहाँ लक्ष्य से बहुत कम नामांकन कराया गया है! उन विद्यालयों के प्रधान अध्यापको ने अभियान में रुचि नहीं लिया! इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय पुरानीबाजार में नामांकन की स्थिति बहुत ही खराब रही! यहाँ की प्रधानाध्यापिका डा० विभा शुक्ला राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित की जा चुकी हैं! इस विद्यालय में इनके अलावा सात सहायक अध्यापक एक शिक्षा मित्र मौजूद हैं! इस विद्यालय में नये छात्रों के नामांकन कराए जाने का लक्ष्य 100 बच्चों का था! किन्तु नए छात्र मात्र 50 ही नामांकित हो सके!

# बेटियों की पढ़ाई में मददगार साबित होगा मोबाइल फोन –सीमा द्विवेदी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बदलते परिवेश में आनलाइन पढ़ाई का विस्तार हो रहा है।ग्रामीणांचल में भी आनलाइन पढाई की सुविधा का लाभ लेकर बेटियां तमाम प्रतियोगी परीक्षाओ में सफल हो रही है।ऐसे मेंशासन से प्राप्त मोबाइल फोन पढाई में काफी मददगार साबित होगा। उक्त बातें बिहारी महिला महाविद्यालय में आयोजित मोबाइल फोन वितरण समारोह को सम्बोधित करते हुए राज्य सभा सांसद सीमा द्विवेदी ने शुक्रवार को कही।कार्यक्रम में231 छात्राओं को प्रथम चरण में मोबाइल फोन दिया गया है।कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह,तहसीलदार सुदर्शन कुमार तथा महाविद्यालय के श्यामसुंदर यादव,चन्द्रशेखर यादव,बृजेन्द्र कुमार गुप्ता समेत अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# बदमाशों ने तमंचे के बल पर दम्पत्ति को लूटा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरपतहा थाना क्षेत्र के समोदपुर सरपतहा मार्ग स्थित ऊंचगांव के पास बदमाशों ने मोटरसाइकिल सवार दम्पत्ति को तमंचे के बल पर घायल कर सीकड नगदी लूट कर फरार हो गये। रवनिया थाना करौदीकला जनपद सुल्तानपुर निवासी जीतेन्द्र प्रताप सिंह अपनी पत्नी गुड़िया के साथ मोटरसाइकिल से सरपतहां थाना क्षेत्र के सारी जहांगीर पट्टी गांव में एक मांगलिक कार्य में सम्मिलित होने जा रहे थे । शुक्रवार सुबह करीब 9 –20 बजे समोदपुर मार्ग पर ऊंचगांव के पास पीछे से दो बाईक सवार चार बदमाशों ने वोबरटेक कर गाड़ी रोक कर तमंचे के बट से सर में मार कर घायल कर दिया और हवाई फायरिंग कर दहशत पैदा कर पत्नी की सोने का सीखड़ पर्व में रखे गहने वह दस हजार नगदी लूट कर फरार हो गए। सूचना पर क्षेत्राधिकारी शाहगंज अंकित कुमार थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचकर मौके का निरीक्षण कर बदमाशों को पकड़ने के लिए भागदौड़ किया ।लेकिन बदमाशों का कुछ अता पता नहीं चला स्थानीय पुलिस घायल जितेंद्र कुमार सिंह को सामुदायिक स्वास्थ्य सुईथाकला लाया गया जहां उनका प्राथमिक उपचार कराया गया पुलिस पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर बदमाशों की खोजबीन में जुट गई। सूचना पर मामले की जांच पड़ताल की गई है मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एक नाजायज रिवाल्वर 32 बोर मय जिन्दा कारतूस के साथ एक अभियुक्त को थाना सुजानगंज जौनपुर पुलिस ने किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध सघन अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा निर्देश व क्षेत्राधिकारी बदलापुर महोदय के पर्यवेक्षण में दिनांक 05.05.2022 को मुखबीर की सूचना पर अभियुक्त दीपक गौतम पुत्र राजकुमार गौतम उम्र 18 वर्ष निवासी कुढ़ा थाना सिकरारा जनपद जौनपुर को मुस्तफाबाद नहर पुलिया के पास थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर को समय करीब 19.10 बजे एक नाजायज रिवाल्वर 32 बोर देशी व एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारी / बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 73 / 2022 धारा 3 / 25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त 1. दीपक गौतम पुत्र राजकुमार गौतम उम्र 18 वर्ष निवासी कुढ़ा थाना सिकरारा जनपद जौनपुर बरामदगी का विवरणः– 1.एक अदद नाजायज रिवाल्वर देशी 32 बोर 2. एक अदद जिन्दा कारतूस 32 बोर गिरफ्तारी पुलिस टीम 1. प्रभारी निरीक्षक श्री कृष्ण कुमार सिंह थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर 2. उ0नि0 श्री ईश्वरचन्द्र त्रिपाठी थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर 3. हे0का0 अरूण यादव थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर 4. हे0का0 रमाकान्त यादव थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर 5. का0 मनीषा चौहान थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर 6. का0 अनुज कुमार थाना सुजानगंज जनपद जौनपुर।

### भारत विकास परिषद् शाखा जौनपुर द्वारा राहगीरों के लिए दो स्थानों पर निःशुल्क प्याऊ की कराई गई व्यवस्था

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारत विकास परिषद् शाखा जौनपुर इस कड़कती धूप में राहगीरों के लिए दो स्थानों पर निःशुल्क प्याऊ की व्यवस्था की गई । डाक्टर आशुतोष सिंह के नेतृत्व में रोडवेज परिसर हनुमान मंदिर पर एवं शिवकुमार गुप्ता के नेतृत्व में टैगोर नगर उर्दू बाजार में राहगीरों को पानी




हेतु प्याऊ एवं जानवरों के लिए भी पानी की व्यवस्था की गई है। शाखा अध्यक्ष नीरज श्रीवास्तव ने कहा कि इस कड़कती धूप में राहगीरों को पानी पिलाने से मन को प्रसन्नता होती है मानव सेवा ही परिषद् का उद्देश्य है।प्रान्तीय प्रकल्प प्रमुख समग्र ग्राम विकास अतुल जायसवाल ने इस नेक कार्य के लिए परिषद् के अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष एवं सभी सदस्यों को इस नेक कार्य हेतु बधाई दिये। अवधेश गिरि,शरद साहू, रमेश श्रीवास्तव, सत्येंद्र अग्रहरि, डाक्टर आशुतोष सिंह, शिव गुप्ता,रेखा गुप्ता, दिलीप जायसवाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप बनाएं पाठ्यक्रम : कुलपति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति सभागार में बृहस्पतिवार को अध्ययन परिषद के संयोजकों की बैठक कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य की अध्यक्षता में आहूत की गई। इस अवसर पर स्नातकोत्तर स्तर पर विश्वविद्यालय और महाविद्यालय के अध्ययन परिषद के संयोजक शामिल थे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. निर्मला एस.मौर्य ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति– 2020 के अनुरूप पाठ्यक्रम



बनाएं, जिससे विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सके। साथ ही कोर्स आउटकम और पाठ्यक्रम आउटकम भी बनाएं। पाठ्यक्रम बनाते समय संदर्भित बुक का भी जिक्र करना जरूरी है। प्रथम सेमेस्टर के एक पेपर के एक यूनिट में किसी महापुरुष, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और किसी भी वैज्ञानिक को भी शामिल करें। पाठ्यक्रम बनाते समय इलेक्टिव पेपर का भी ध्यान रखना जरूरी है। सभी सदस्यों को 20 मई तक पाठ्यक्रम तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति की गाइडलाइन का ठीक से अध्ययन करने के बाद ही पाठ्यक्रम तैयार किए जाए ताकि उसके सभी क्रेडिट को पूरा किया जा सके। शोध परीक्षा से संबंधित सभी प्रक्रियाएं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में ही पूरी की जाएगी। इस संबंध में अध्ययन परिषद के सदस्यों की शंका का समाधान प्रो. मानस पांडेय ने किया। कुलसचिव महेंद्सर कुमार और सहायक कुलसचिव बबिता सिंह ने पाठ्यक्रम निर्माण के संदर्भ में दिए गये दिशा निर्देशों से अवगत कराया। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक बीएन सिंह, सहायक कुलसचिव अमृतलाल, प्रो. बीबी तिवारी, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. एके श्रीवास्तव, प्रो. अजय प्रताप सिंह, डॉ.संदीप सिंह, डॉ.प्रदीप कुमार, डॉ. संजीव गंगवार, डॉ. सौरभ पाल, डॉ. धर्मेंद्र कुमार सिंह, डॉ शशि सिंह, डॉ. अमरेश कुमार, डॉ राजेश कुमार पाल, डॉ. नरेंद्र कुमार, डॉ वंदना दुबे, डॉ. गीता यादव, डॉ माया सिंह आदि विश्वविद्यालय और महाविद्यालय के अध्ययन परिषद संयोजक में शामिल थे।

# ऑटो रिक्शा को टाटा मैजिक की टक्कर : युवक की मौत तीन घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिले के जफराबाद क्षेत्र के महरुपुर मोड़ पर गुरुवार को ऑटो रिक्शा तथा मैजिक की टक्कर में 48 वर्षीय युवक की मौत हो गयी।इसके साथ ही उनकी पत्नी पुत्र सहित तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। आजमगढ़ जनपद के अहरौला थाना क्षेत्र के पक्खनपुर गांव निवासी दिवाकर सिंह पुत्र शमशेर सिंह अपनी पत्नी चन्दा सिंह तथा पुत्र आर्यन सिंह तथा रजत सिंह के साथ मुम्बई में रहकर प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते थे।7 मई को भतीजी की शादी है।उसी शादी में शामिल होने के लिए शमशेर सिंह पत्नी चन्दा सिंह तथा पुत्र आर्यन सिंह ट्रेन से वाराणसी पहुंचे।वहां से ऑटो रिक्शा रिजर्व करके घर जा रहे थे।महरुपुर मोड़ के पास सामने से आ रही टाटा मैजिक ने ऑटो को टक्कर मार दिया।टक्कर के बाद ऑटो पलट गया।उसमे सवार शमशेर सहित सभी लोग घायल हो गए।घटना की जानकारी पर तत्काल मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी ने घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया। जहाँ पर चिकित्सक ने शमशेर सिंह को मृत घोषित कर दिया।उनकी पत्नी चन्दा सिंह,ऑटो चालक को गम्भीर चोट आई है।उनको एडमिट कर उपचार चल रहा है।

# असलहे के साथ युवक गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा चलाए जा रहे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध सघन अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी बदलापुर के पर्यवेक्षण में थाना अध्यक्ष सुजानगंज कृष्णा कुमार सिंह की टीम द्वारा अभियुक्त को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपक गौतम उम्र18 वर्ष पुत्र राजकुमार गौतम निवासी कूढा थाना सिकरारा को मुस्तफाबाद पुलिया के पास से गिरफ्तार किया जिसके पास से नाजायज देशी रिवाल्वर 32 बोर तथा जिंदा कारतूस बरामद हुए । गिरफ्तार करने वाले प्रभारी निरीक्षक कृष्णा कुमार सिंह, ईश्वर चंद्र त्रिपाठी, अरुण यादव, रमाकांत यादव, मनीषा चौहान, अनुज कुमार सहित पुलिसकर्मी रहे।

# लैपटॉप पाकर खिला चेहरा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर जौनपुर क्षेत्र के पिलखिनी स्थित सुधाकर सिंह फाउंडेशन महाविद्यालय में शुक्रवार को लैपटॉप वित्तरण कार्यक्रम रखा गया कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि भाजपा गोरखपुर मंडल के महामंत्री और प्रधानाचार्य बिनोद कुमार राय ने सरस्वती प्रतिमा पर दीप जला कर किया कुल 115 छात्र छात्राओं को लैपटॉप मिला लैपटॉप पाकर सभी के चेहरे खिल उठे इस दौरान मुख्यातिथि बिनोद कुमार राय कहा कि आज के आधुनिक युग मे ज्यादा तर शिक्षा में लैपटॉप का प्रयोग हो रहा है लैपटॉप का लोगो को लाभ मिलेगा इस अवसर पर प्राचार्या डॉ रूबी राय नोडल अधिकारी संतोष कुमार सिंह डॉ सदानंद सिंह आदि मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मीरगंज थाना के एक गाँव किशोरी से दुष्कर्म के मामले के आरोपी को मीरगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज होने के 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। मीरगंज थाना के एक गाँव की किशोरी ने पुलिस अधीक्षक जौनपुर से शिकायत किया था की वह 26 अप्रैल की रात 8 बजे शौच गयी थी रात मे शौच से लौट रही थी की एक युवक ने उससे साथ जबजस्ती दुष्कर्म करके विडियो बना लिया और उसे धमकाने लगा वह घर आकर लोक लाज बस परिजनो को जानकारी नही दी । इसी बीच वह विडियो दिखाकर उसे ब्लैक मेल करने लगा तो उसने मना कर दिया तब उसने विडियो उसके पिता के पास मुम्बई भेज कर उसे धमकाने लगा की कार्रवाई करोगे तो गोली मार देगा। वह उसकी शिकायत पुलिस से किया तो कोई कार्यवाही नही हुई तो पुलिस अधीक्षक को 4 मई को घटना की तहरीर दी पुलिस अधीक्षक जौनपुर से की तहररि की आधार पर मीरगंज पुलिस ने एक युवक के खिलाफ दुष्कर्म व पास्को के तहत मुकदमा दर्ज करके किशोरी को मेडिकल परिक्षण के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया था जिसने थानाध्यक्ष मीरगंज सुरेश कुमार सिह उपनिरीक्षक चन्द्केश शर्मा हेड कांस्टेबल धर्मेन्द्र कुमार पासवान कास्टेबल प्रदीप कुमार की टीम ने जंघई असवा पतैया गेट के पास से आरोपी अभिषेक गौड़ पुत्र जनमेजय गौड निवासी लासा थाना मीरगंज निवासी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

## दहेज हत्या के दो वांछित अभियुक्तों को थाना खुटहन पुलिस ने किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज के नेतृत्व में थानाध्यक्ष खुटहन राणा प्रताप यादव मय हमराह द्वारा मु0अ0सं0 92 / 2022 धारा 498A/304B IPC व 3/4 DP Act, थाना खुटहन जनपद जौनपुर के वांछित अभियुक्तगण 1.समसेर बिन्द पुत्र स्व0 रमई बिन्द 2.धर्मेन्द्र बिन्द पुत्र समसेर बिन्द निवासी गण ग्राम डिहिया थाना खुटहन जौनपुर को दिनांक 06.05.2022 समय करीब 07.05 बजे वीरमपुर चौराहे के पास थाना खुटहन जौनपुर में गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जा रही है । " गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण 1. समसेर बिन्द पुत्र स्व0 रमई बिन्द निवासी ग्राम डिहिया थाना खुटहन जौनपुर । 2.धर्मेन्द्र बिन्द पुत्र समसेर बिन्द निवासी ग्राम डिहिया थाना खुटहन जौनपुर । गिरफ्तारी टीम का विवरण–1.थानाध्यक्ष राणा प्रताप यादव थाना खुटहन जनपद जौनपुर । 2.का0 अभय राव थाना खुटहन जनपद जौनपुर ।3.का0 विरेन्द्र चौहान थाना खुटहन जनपद जौनपुर।

# थाना मड़ियाहूँ पुलिस द्वारा हत्या के मुकदमें में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जौनपुर श्री अजय साहनी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ श्री सन्त प्रसाद उपाध्याय के नेतृत्व में आपराधियों की गिरफ्तारी, अपराध की रोकथाम के दृष्टिगत चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्र.नि. मड़ियाहूँ द्वारा हमराही पुलिस बल के सहयोग से मुखबिर खास की सूचना पर दिनांक 2 / 3.05.2022 की रात्रि में थाना क्षेत्र के ग्राम हरिहरपुर घमहा में एक व्यक्ति को चाकू से मार पीट कर हत्या कर देने वाले अभियुक्तो में से नामजद अभियुक्त निशान्त यादव पुत्र कमलेश यादव नि. सिरिया थाना मडियाहूँ, जौनपुर को दिनांक 05.05.2022 की रात्रि में बसुही पुलिया के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्त– 1. निशान्त यादव पुत्र कमलेश यादव निवासी सिरिया थाना मडियाहूँ, जौनपुर आपराधिक इतिहास




मु0अ0सं0 134 / 22 धारा 147,148,149,323,302 भा0दवि0 थाना मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः– 1. प्र. नि. श्री किशोर कुमार चौबे थाना मडियाहूँ, जौनपुर 2. व.उ.नि. घनश्याम शुक्ल थाना मडियाहूँ, जौनपुर 3. उ.नि. शिवभंजन प्रसाद थाना मडियाहूँ, जौनपुर 4. का. राजन भानु थाना मडियाहूँ, जौनपुर 5. का. अवनीश कुमार थाना मडियाहूँ, जौनपुर।

## थाना मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर के जघन्य अपराध में जनपदीय पुलिस की प्रभावी कार्यवाही एवं सम्यक पैरवी से आरोपी को दोषसिद्ध कर परिवीक्षा पर छोड़ा गया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिनांक 02.10. 2006 को समय करीब 04.00 बजे दिन को घटित अपराध के सम्बन्ध में थाना मड़ियाहूँ पर मु0अ0सं0 638 / 2006 धारा 147,323,325,452,504,506,भा0द0वि0 व 3(1)10 एससीएसटी एक्ट पंजीकृत हुआ। अभियोग की विवेचना तत्परता से गुणवत्ता कायम रखते हुए पूर्ण की गयी तथा आरोपी के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद जौनपुर द्वारा माननीय न्यायालय में विचाराधीन प्राचीनतम वादों को निस्तारित कराने एवं अभियुक्तों को अधिकाधिक दण्डित कराने हेतु उपर्युक्त अभियोग को जनपदीय पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही एवं सम्यक पैरवी हेतु निर्देशित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के कुशल नेतृत्व में मानिटरिंग सेल द्वारा सम्यक पैरवी एवं प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरुप दिनांक 05. 05.22 को माननीय विशेष न्यायाधीश अनुसुचित जाति / अनुसुचित जन जाति अत्याचार का निवारण अधिनियम जौनपुर द्वारा दोषसिद्ध अभियुक्त अनिल उर्फ नाटे पुत्र अमरनाथ यादव निवासी सोइथा थाना मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर के विरूद्ध 1 वर्ष की अवधि के लिए सदाचार कायम रखने हेतु निम्न शर्तो पर परिवीक्षा पर छोड़ा गया– 1. अभियुक्त अनिल उर्फ नाटे मु020,000 / –रूपये का निजी बन्धपत्र व समान धनराशि के दो–दो प्रतिभू जिला परिवीक्षा अधिकारी, जौनपुर के समक्ष निर्णय की तिथि से 07 दिन के अन्दर निष्पादित करें। 2. बन्धपत्र निष्पादित न करने अथवा बन्धपत्र निष्पादित किये जाने के एक वर्ष के अन्दर अभियुक्त द्वारा समान प्रकृति का या कोई अन्य अपराध कारित किये जाने पर इस न्यायालय को यह अधिकार होगा कि वह अभियुक्त को तलब कर उसे दण्डादेश के बिन्दु पर सुनकर उसके विरूद्ध यथोचित आदेश पारित करे और दण्डादेश का अनुपालन सुनिश्चित कराये। 3. अभियुक्त परिवीक्षा अधिकारी या न्यायालय द्वारा तलब किये जाने पर इस दौरान उनके समक्ष उपस्थित आता रहेगा।

# एक तमंचा 315 बोर मय कारतूस के साथ एक अभियुक्त को थाना रामपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष रामपुर श्री ओमनारायण सिंह के कुशल नेतृत्व में बनीडीह मठिया गेट के पास संदिग्ध व्यक्तियो व संदिग्ध वाहन की चौकिंग के दौरान एक व्यक्ति जिसके पास से 01 तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिंदा कारतुस बरामद हुआ। जिसका नाम आसीम पुत्र मो0 हनीफ नि0ग्राम बनीडीह थाना रामपुर जनपद जौनपुर है। जिसको हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 71 / 22 धारा 3 / 25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया । अभियुक्त से पुछताछ कर उसके आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण–1. आसीम पुत्र मो0हनीफ नि0ग्राम



बनीडीह थाना रामपुर जनपद जौनपुर । बरामदगी का विवरण– 1. 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर । 2. 01 अदद जिंदा कारतुस 315 बोर । गिरफ्तारी टीम– 1. थानाध्यक्ष श्री ओम नारायण सिंह, थाना रामपुर जनपद जौनपुर । 2. उ0नि0 श्री राजेश कुमार सिंह थाना रामपुर जनपद जौनपुर । 3. हे0का0 राधेश्याम यादव,हे0का0 इन्द्रदेव सिंह, का0 आकाश चौहान व का0 राहुल गुप्ता थाना रामपुर जनपद जौनपुर ।

# थाना नेवढ़िया पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तों को एक अवैध पिस्टल मय कारतूस के साथ किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के दिशा निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूँ के कुशल पर्यवेक्षण तथा थानाध्यक्ष नेवढिया विश्वनाथ प्रताप सिंह के कुशल नेतृत्व में उ0नि0 धर्मेन्द्र प्रताप सिंह मय हमराहियान द्वारा दिनांक 05.05.2022 को समय 23.30 बजे 02 अभियुक्त 1.सरताज पुत्र सगीर निवासी ग्राम पठनपुरवा (मेउड़िया) थाना नेवढ़िया जनपद जौनपुर उम्र करीब 20 वर्ष 2. राज सिंह पुत्र धीरज सिंह निवासी दोदापुर थाना नेवढ़िया जौनपुर उम्र करीब 19 वर्ष को अवैध असलहा व कारतूस के साथ नहर पुलिया बहदग्राम तिंलगा से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी / बरामदगी के आधार



पर अभियुक्तों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त – 1. सरताज पुत्र सगीर निवासी ग्राम पठनपुरवा (मेउड़िया) थाना नेवढ़िया जनपद जौनपुर उम्र करीब 20 वर्ष 2. राज सिंह पुत्र धीरज सिंह निवासी दोदापुर थाना नेवढ़िया जौनपुर उम्र करीब 19 वर्ष पंजीकृत मुकदमा– 1.मु0अ0सं0 39 / 2022 धारा 3 / 25 शस्त्र अधि0 बनाम सरताज उपरोक्त 2.मु0अ0सं0 40 / 2022 धारा 3 / 25 शस्त्र अधि0 बनाम राज सिंह उपरोक्त बरामदगी – 1. अभि0 सरताज उपरोक्त के पास से– एक अदद अवैध देशी पिस्टल 32 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 32 बोर पिस्टल का 2. अभि0 राज सिंह उपरोक्त के पास से– 02 अदद जिन्दा कारतूस 32 बोर रिवाल्वर का व जामा तलाशी से एक अदद सैमसंग मोबाईल गिरफ्तारी करने वाली टीम 1. थानाध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप सिंह थाना नेवढ़िया, जौनपुर। 2. उ0नि0 श्री धर्मेन्द्र प्रताप सिंह थाना नेवढ़िया, जौनपुर। 3. हे0का0 अरुणेश राय थाना नेवढ़िया, जौनपुर। 4. का0 कमलेश कुमार यादव थाना नेवढ़िया, जौनपुर। 5. का0 आशुतोष यादव थाना नेवढ़िया, जौनपुर। 6. का0 संदीप तिवारी थाना नेवढ़िया जौनपुर।

# धार्मिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण भरतकुंड सरोवर बनी उपेक्षा का शिकार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)जिले में धार्मिक दृष्टिकोण से जहां अयोध्या पूरे देश ही नहीं विश्व में जानी जाती है।वही अयोध्या से जुड़े तमाम अन्य पौराणिक धार्मिक स्थल उपेक्षा के शिकार बने हुए हैं। भगवान भरत की तपोस्थली भरतकुंड इस समय बेहद उपेक्षा की शिकार है। ऐतिहासिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण भरतकुंड सरोवर पूरी तरह से कचरे के ढेर में तब्दील है पूरा कुंड जलकुंभी से भरा हुआ है।सूत्र के मुताबिक सरोवर के चारों तरफ गंदगी का अंबार है और साफ–सफाई पूरी तरह से बाधित है। ऐतिहासिक और पौराणिक रूप से महत्वपूर्ण इस धार्मिक स्थल के बारे में आपको बता दें अपने संसदीय कार्यकाल के दौरान सांसद निर्मल खत्री के प्रयासों से लगभग 4.5 करोड़ रुपए के बजट से कुंड के चारों तरफ घाटों तथा सीढ़ियों का निर्माण हुआ तथा साफ सफाई के साथ इसे सुंदर और सुसज्जित बनाया गया। इसके बाद कई वर्षों तक यह कुंड एक बार फिर उपेक्षा का शिकार रहा।2010 में श्री रामकृष्ण पांडे के ग्राम प्रधान निर्वाचित होने के बाद उनके प्रयास से तत्कालीन जिलाधिकारी किंजल सिंह द्वारा 2015 में लगभग 5 करोड़ों के बजट से एक बार सरोवर के पुनः साफ सफाई और जीर्णोद्धार का वृहद कार्य कराया गया।जिसमें कुंड की सफाई के साथ आसपास यात्रियों को बैठने के लिए कुर्सियां तथा सौंदर्यीकरण के कई कार्य शामिल रहे।उसके बाद जनपद के जिलाधिकारी रहे अनिल पाठक जी द्वारा भी भरत तपोस्थली को विशेष महत्व दिया गया उनके कार्यकाल में यात्री विश्राम गृह सामुदायिक शौचालय तथा कुंड के चारों तरफ परिक्रमा पथ का निर्माण किया गया। इसके बाद के जिला अधिकारी अनुज कुमार झा द्वारा भी हाई मास्क लाइट रेन बसेरा तथा कुछ अन्य सौंदर्यीकरण का कार्य स्वीकृत किया गया। लेकिन पिछले लगभग 2 वर्षों से इस अति महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल को एक बार फिर उपेक्षा की दृष्टि से देखा



जा रहा है ना तो 2 वर्षों से किसी तरह की साफ सफाई का कार्य कुंड में नहीं हुआ है। ना ही किसी प्रकार का सुंदरीकरण। पर्यटन की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण इस स्थान को एक बार फिर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा का शिकार बनाया जा रहा है।2021 में हुए ग्राम सभा के चुनाव मे यह सीट आरक्षित हो गई फल स्वरुप यहां मौजूदा ग्राम प्रधान रिंकू निषाद हैं। लेकिन उनके द्वारा अभी तक इस अति महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल को सुंदर स्वच्छ तथा खूबसूरत बनाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया। उनकी उदासीनता के साथ–साथ जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता भी गंभीर चिंता का विषय है। आपको बता दें कि यहां बड़ी संख्या में पर्यटक दूर–दूर से घूमने के लिए आते हैं उनके सामने इस पौराणिक स्थल की दुर्दशा भरी तस्वीर जाना बेहद गंभीर है।क्षेत्र के तमाम बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों तथा संभ्रांत लोगों ने जल्द से जल्द इस कुंड के जीर्णोद्धार और साफ–सफाई की मांग शासन प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से की है।

# महापौर ने अपने कार्यालय में सुनी जन शिकायते : निस्तारण के लिए दिया निर्देश

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता) महापौर ऋषिकेश उपाध्याय अपने नगर निगम कार्यालय के चेंबर में जनता दरबार व शिकायतों , जनसमस्याओं के निस्तारण के लिए अपने चेंबर में उपस्थित हुए और शिकायत कर्ताओं से उसकी शिकायतें सुनी शिकायतकर्ता ने बताया कि नाका स्थित पहाड़गंज में जलभराव व स्वच्छता से संबंधित कई समस्याएं हैं और साफ–सफाई भी बेहतर ढंग से नहीं की जाती है हमें आशा है कि आप इस समस्या का समाधान करेंगे जिसके लिए मैं नगर निगम कार्यालय में उपस्थित हुआ हूं शिकायतकर्ता की शिकायत सुनने के बाद श्री उपाध्याय ने संबंधित अधिकारी को इस समस्या का निस्तारण करने के आदेश दिए श्री उपाध्याय ने कहा कि जलभराव व स्वच्छता संबंधी समस्याएं जिस भी कर्मचारी या अधिकारी के स्तर पर हो उसका तत्काल समाधान किया जाए अन्यथा जिस वार्ड में यह शिकायत पाई जाएगी उस वार्ड से संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कठोर से कठोर प्रशासनिक कार्यवाही की जाएगी श्री उपाध्याय ने कहा कि स्वच्छता के कामों में किसी भी प्रकार कि लापरवाही, ढिलवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी यदि जिस भी कर्मचारी या अधिकारी के स्तर पर लापरवाही बरती गई तो वह कार्यवाही के लिए तैयार रहे श्री उपाध्याय ने नगर निगम क्षेत्र के समस्त नागरिकों से अनुरोध किया कि जिसका भी कर मूल्यांकन कर से अधिक भेज दिया गया है और वास्तव में उनको लगता है की मेरा कर मूल्यांकन कर से अधिक आ गया है तो वह नागरिक एक प्रार्थना पत्र व कर की बिल के साथ नगर निगम कार्यालय या शिविर कार्यालय में ले जाकर जमा करें जिसका निस्तारण किया जाएगा यदि कर के निस्तारण में किसी अधिकारी या कर्मचारी की लापरवाही बरती जाएगी तो उस पर भी कठोर प्रशासनिक कार्यवाही की जाएगी नगर निगम कार्यालय में महापौर ऋषिकेश उपाध्याय नगर निगम अयोध्या के साथ उनके निजी सचिव डॉक्टर गोविंद राज सुंदरम श्री उपेंद्र कुमार तिवारी कार्यालय सहायक नगर निगम अयोध्या मयंक श्रीवास्तव कार्यालय सहायक नगर निगम राशिद अंसारी कार्यालय सहायक महापौर शिविर कार्यालय नगर निगम में रहे मौजूद।

# समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने नगर पंचायत द्वारा बनाए गए सार्वजनिक शौचालय का बुरा हाल

अयोध्या।(डा अजय तिवारी जिला संवाददाता)जिले के बीकापुर नगर के सीएचसी के सामने स्वच्छ भारत मिशन के तहत कुछ वर्ष पूर्व लोगों की सुविधा के लिए सीएचसी की चारदीवारी से सटाकर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया गया है जो बदहाली का शिकार है। बीकापुर बाजार में लोगों की सुविधा के लिए यही एक मात्र सार्वजनिक शौचालय है। लेकिन अव्यवस्था, अतिक्रमण और देखरेख ना होने के चलते बदहाल और क्षतिग्रस्त हो गया है। महीनों साफ–सफाई ना होने से गंदगी बिखरी रहती है। शौचालय की बदहाली के चलते सबसे अधिक दिक्कत महिलाओं को होती है। सार्वजनिक शौचालय के समीप अतिक्रमण से भी लोगों को दिक्कत हो रही है। अस्पताल के गेट एवं बाउंड्री वॉल से सटाकर किए गए अतिक्रमण के चलते अस्पताल ठीक से दिखाई नहीं पड़ता है। जिसके प्रति अस्पताल और नगर पंचायत प्रशासन उदासीन है। क्षेत्र के जागरूक लोगों द्वारा अस्पताल के सामने से अतिक्रमण हटाए जाने एवं बदहाल शौचालय को दुरुस्त कराए जाने की मांग की गई है। जिससे लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े।

# समाजसेवी राजेश ने लावारिस कुष्ठ रोगी वृद्ध महिला को पहुंचाया अस्पताल

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : असहायों के सहारा बनने वाले समाजसेवी राजेश को लोग अब फोन करके मदद करने के लिये बुलाने लगे हैं।समाज के ऐसे असहाय जिनके पास सामान्य जनमानस पास जाने की हिम्मत नही जुटा पाता,तो ऐसे लोगो को राजेश की याद आती है,वही राजेश भी बिना संकोच के तुरंत ऐसे लोगो की मदद करने पहुंच जाते हैं।बुधवार को मड़ियाहूं क्षेत्र की रामपुरनद्दी गांव की प्रमावती नाम की महिला ने फोन करके बताया कि एक असहाय, कुष्ठ रोग पीड़ित महिला लावारिस हालत में पड़ी है,जैसे ही समाजसेवी को पता लगा तत्काल वह कुष्ठ रोग ग्रसित महिला के पास गए ।समाजसेवी ने देखा कि महिला असहाय हालत मे एक टूटी खटिया पर भीषण गर्मी में पड़ी थी , कुष्ठ रोग के कारण उसके दोनों हाथों और दोनों पैरों की सारी अंगुलिया कट कर निकल गई थी और पैरों में खून की कमी से सूजन भी आ गई थी उस महिला की इतनी दयनीय हालत देखकर समाजसेवी की आंखें भर आई ।इस दौरान ग्रामीण भी काफी इकट्ठा हो गए, उसके बाद समाजसेवी ने एंबुलेंस बुलाया और ग्रामीणों के सहयोग से कुष्ठ रोगी महिला को खटिया सहित एंबुलेंस तक लाए फिर



समाजसेवी ने उसे अपने हाथों से उठाकर एंबुलेंस में बैठाया फिर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मड़ियाहूँ लाए वहां से रिफर कर जिला अस्पताल जौनपुर में लाकर के भर्ती कराया। ऐसे सच्चे समाज सेवी को पाकर ग्रामीण बहुत खुश हुए । इस पूरे विशेष मानव सेवा अभियान मे प्रांजुल, सावित्री, ऋषिकेश ,ग्राम प्रधान मीता देवी, सत्य प्रकाश इत्यादि का विशेष सहयोग रहा।

# कायस्थ सेवा समाज ने यातायात अधीक्षक कल्पना श्रीवास्तव को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उत्तर प्रदेश परिवहन अयोध्या में कार्यरत कल्पना श्रीवास्तव का यातायात अधीक्षक के पद पर प्रोन्नति होने पर कायस्थ सेवा समाज एवं प्रयास फॉउन्डेशन के अध्यक्ष विजेश श्रीवास्तव ने उनकी इस उपलब्धि पर उनका सम्मान करते हुए उन्हें कायस्थ सेवा समाज की ओर से स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए बधाई के साथ शुभकामनाएं दीं।इस मौके पर कायस्थ सेवा समाज के अध्यक्ष विजेश श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ सेवा समाज एवम प्रयास फाउंडेशन हमेशा अपने सम्माननीय बन्धुओं का सम्मान एवम उत्साहवर्धन करता रहेगा।इस मौके पर यातायात अधीक्षक कल्पना श्रीवास्तव ने कहा वह हमेशा अपने स्टाफ कि बातें सुनने को तैयार हैं तथा उनका प्रयास हमेशा उनके समक्ष लाये गए प्रकरण का यथाशीघ्र अपने स्तर से निस्तारण करने



का रहेगा।वही प्रयास फॉउन्डेशन के प्रभारी सोमेश गुप्ता ने कहा कि आपसे उम्मीद है कि हमारे अयोध्या शहर के रोडवेज की स्थिति को और सुव्यवस्थित करने में सहयोग करेंगी।इस अवसर पर महेश कुमार, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक अयोध्या डिपो, अनूप कुमार श्रीवास्तव, संजय यादव अशोक जायसवाल आदि कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# प्राथमिकता के विकास कार्यो को निर्धारित समय में कराये पूरा – मंडलायुक्त

अयोध्या।(डा अजय तिवारी जिला संवाददाता)शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता के विकास कार्यो को निर्धारित समय में पूरा करायें। यदि समय से कार्य पूर्ण नही होते है तो सम्बंधित विभाग एवं कार्यदायी संस्था के जिम्मेदार अधिकारी के स्पष्ट रूप से कारण बताना होगा। स्पष्ट कारणों का परीक्षणोपरांत सम्बंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जायेगी। किन कारणों से काम बंद है या शुरूवात नही हो पायी की स्पष्ट आख्या मासिक विवरण में अंकित किया जाना होगा और तदानुसार अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जायेगी। यदि किसी भी कार्य योजना में किसी भी स्तर से कोई परेशानी आ रही है तो जिलाधिकारी या मेरे संज्ञान में लायें।उक्त जानकारी मण्डलीय समीक्षा बैठक के दौरान मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा ने देते हुये आगे बताया कि सभी जिलों के मुख्य विकास अधिकारी व मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि गौवंश स्थलों पर पर्याप्त चारे की व्यवस्था रिर्जव में रखे तथा पानी भी हमेशा नाद में भरा रखे तथा जिनका भी भूसे आदि का भुगतान/बकाया हो उनका भुगतान उपलब्ध धनराशि से तुरन्त करें ताकि चारे की आपूर्ति बाधित न होने पाये ऐसा न हो पैसा आया हो और हम दे नही रहे है। यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री का सर्वोच्च प्राथमिकता वाला कार्यक्रम है। उन्होंने बताया कि मण्डल में 173 अस्थायी गोआश्रय स्थल में 32,904, 10 कान्हा गौशाला में 3174, 12 कांजी हाउस में 477, 11 वृहद गो संरक्षण केन्द्र में 4098, 14 पंजीकृत गौशाला में 342, 21 अपंजीकृत गौशाला में 1231 कुल 42226 पशु मण्डल में संरक्षित है।मण्डलायुक्त ने मण्डल में निर्माणाधीन गो स्थलों की सूची मांगी है। प्राथमिक व जूनियर हाईस्कूल में स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत मण्डल में 247251 नामांकन लक्ष्य के सापेक्ष 161024 से अधिक नामांकन पूर्ण हो चुके। बैठक प्रारम्भ होने तक 71 प्रतिशत से अधिक का नामांकन पूर्ण हो चुका है। बैठक में मण्डलायुक्त ने स्कूल बंद होने के पूर्व शत प्रतिशत नामांकन पूर्ण करने के निर्देश दिये है। विगत वर्ष डी0वी0टी0 के माध्यम से छात्र छात्राओं के लिए यूनीफार्म, जूते–मोजे क्रय हेतु 1100 रूपये की धनराशि भेजे जाने के लक्ष्य 1344457 के सापेक्ष 1175408 छात्र–छात्राओं के अभिभावकों के खाते में धनराशि भेज दी गयी थी। बैठक में बताया गया कि जिन छात्र–छात्राओं ने अभिभावकों का आधार नम्बर खाते से लिंक नही था उन्ही के खाते में धनराशि भेजी नही जा सकी थी। मण्डलायुक्त ने सभी जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी को सभी छात्र–छात्राओं के अभिभावक का आधार नम्बर खाते से लिंक कराने के निर्देश दिये गये है। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मण्डलायुक्त ने बताया कि मण्डल में 36 आक्सीजन प्लांट स्वीकृत है जिसमें सभी 36 प्लांट क्रियाशील है। इसमें सबसे ज्यादा अयोध्या में 10, बाराबंकी में 08, सुल्तानपुर व अमेठी में 7–7 व अम्बेडकरनगर में 04 क्रियाशील, दवाओं की उपलब्धता स्वीकृत पद के सापेक्ष चिकित्सकों की तैनाती पर भी समीक्षा की गयी। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना सुविधा हेतु मण्डल में 51 लाख 65 हजार 105 लाभार्थियों के सापेक्ष 14 लाख 51 हजार 890 गोल्डेन कार्ड बनाये गये। प्रत्येक लाभार्थी एवं उसके परिवार के सदस्यों को 5 लाख तक का वर्ष में निःशुल्क चिकित्सीय सुविधा प्राप्त होती है मण्डलायुक्त ने गोल्डेन कार्ड बनाने में तेजी लाने के निर्देश दिये। गांव में ही अपना ग्राम सचिवालय हो, के योजना के तहत पंचायती राज विभाग द्वारा मण्डल में 4518 ग्राम पंचायतों में से पंचायत भवन विहीन 1832 ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन के निर्माण के लक्ष्य के सापेक्ष 1735 ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन निर्मित कराये जा चुके है। मण्डलायुक्त द्वारा मण्डल में अब मात्र 97 ग्राम पंचायत ही पंचायत भवन विहीन है इन ग्राम पंचायतों को आच्छादित करने के निर्देश दिये है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत वर्ष 2021–22 में मण्डल में 54575 लक्ष्य के सापेक्ष 51055 प्रधानमंत्री आवास का निर्माण कराया जा चुका है जो लक्ष्य का 93.55 प्रतिशत है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री आवास ग्रामीण योजना के तहत मण्डल में 3227 लक्ष्य के सापेक्ष 3134 आवास का निर्माण पूर्ण हो चुका है जो लक्ष्य का 97.12 प्रतिशत है। वर्ष 2021–22 में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में मण्डल में निर्धारित लक्ष्य 4320 के सापेक्ष शत प्रतिशत 4320 गरीब कन्याओं का विवाह कराया गया जिस पर 21 करोड़ 98 लाख 71 हजार रूपये की धनराशि व्यय की गयी। इस बैठक में ग्रामीण क्षेत्र में साफ सफाई, राशन नवीन कार्ड निर्गमन, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण, हर घर जल योजनाध्जल जीवन मिशन (हर घर नल योजना), स्मार्ट फोन/टेबलेट वितरण योजना, कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, पोषाहार वितरण, बाढ़ से सुरक्षा की तैयारी, विद्युत आपूर्ति आदि की समीक्षा की गयी। द्वितीय सत्र में मण्डलायुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक द्वारा मण्डल में कानून व्यवस्था की समीक्षा की गयी। तृतीय सत्र में राजस्व वसूली की समीक्षा मण्डलायुक्त द्वारा किया गया।इस बैठक में जिलाधिकारी नितीश कुमार सहित मण्डल के अन्य जनपदों के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी अनिता यादव सहित मण्डल के अन्य जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी, मण्डलीय अधिकारी, अभियन्तागण उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम का बिन्दुवार प्रस्तुतीकरण संयुक्त विकास आयुक्त अरविन्द चन्द्र जैन द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर मण्डलीय उपनिदेशक अर्थ एवं संख्या, मण्डलीय उपनिदेशक सूचना सहित शिक्षा, पंचायत, स्वास्थ्य, नगर निगम आदि विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

## छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत नवीन संस्थाओं को मास्टर डाटाबेस जोड़ने तथा छात्र छात्राओं को आनलाइन आवेदन करने हेतु समय–सारिणी निर्गत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला समाज कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया है कि विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन के पत्रानुसार व निदेशालय समाज कल्याण उ0प्र0 लखनऊ द्वारा यह निर्देश दिया गया है कि जनपद में संचालित (पूर्वदशम कक्षा 9–10) समस्त शिक्षण संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2022–23 पूर्वदशम् (कक्षा 9–10) छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजनान्तर्गत नवीन संस्थाओं को मास्टर डाटाबेस जोड़ने तथा छात्र/छात्राओं को आनलाइन आवेदन करने के लिए समय–सारिणी निर्गत की गयी है, जो निम्न प्रकार है। प्रक्रियात्मक कार्यवाही (प्रथम चरण) कक्षा 9–10 हेतु मान्यता प्राप्त विद्यालयों द्वारा मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने के लिए आनलाइन आवेदन करने की कार्यवाही किया जाना, जिला विद्यालय निरीक्षक के समक्ष समस्त प्रपत्र प्रस्तुत करना, तद्ोपरांत पासवर्ड प्राप्त करना एवं मास्टर डाटा में सम्पूर्ण सूचनाएं भरकर/ अपलोड करके प्रमाणित करना 10 मई 2022 से दिनांक 31 मई 2022 तक, छात्र/छात्राओं को आनलाइन आवेदन किया जाना 18 मई 2022 से 01 जुलाई 2022 तक, छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी समस्त वांछित संलग्नको सहित विद्यालय में जमा किया जाना 05 जुलाई 2022 तक, छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी एवं संलग्न अभिलेखो से छात्र/ छात्रा के समस्त विवरण का विद्यालय द्वारा मिलान किया जाना एवं आनलाइन आवेदन प्राप्त करना, अपात्र छात्रो का डाटा निरस्त करना तथा पात्र छात्रों का आवेदन सत्यापित एवं अग्रसारित करना 20 मई 2022 से दिनांक 07 जुलाई 2022 तक, प्रक्रियात्मक कार्यवाही (द्वितीय चरण) कक्षा 9–10 हेतु मान्यता प्राप्त विद्यालयों द्वारा मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने के लिए आनलाइन आवेदन करने की कार्यवाही किया जाना, जिला विद्यालय निरीक्षक के समक्ष समस्त प्रपत्र प्रस्तुत करना, तद्ोपरांत पासवर्ड प्राप्त करना एवं मास्टर डाटा में सम्पूर्ण सूचनाएं भरकर/ अपलोड करके प्रमाणित करना 20 जुलाई 2022 से दिनांक 16 अगस्त 2022 तक, छात्र/छात्राओं को आनलाइन आवेदन किया जाना 02 जुलाई 2022 से दिनांक 07 अक्टूबर 2022 तक, छात्र/छात्राओं द्वारा आनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकापी समस्त वांछित संलग्नको सहित विद्यालय में जमा किया जाना 14 अक्टूबर 2022 तक, आनलाइन आवेदन पत्र में छात्र/छात्राओं द्वारा त्रुटियो को ठीक करना 05 नवम्बर 2022 से दिनांक 15 नवम्बर 2022 तक, छात्र/छात्राओं द्वारा त्रुटियों को ठीक करते हुए वांछित संलग्नको सहित हार्डकापी शिक्षण संस्था में जमा किया जाना 18 नवम्बर 2022 तक, त्रुटियों को ठीक करके छात्र द्वारा जमा किये गये आवेदन पत्रों का विद्यालय द्वारा संलग्न अभिलेखो से मिलान करके आनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करना 07 नवम्बर 2022 से दिनांक 24 नवम्बर 2022 तक किया जायेगा। उन्होंने समस्त विद्यालयों को अवगत कराया है कि उपरोक्त समय–सारिणी में दी गयी व्यवस्था के अनुसार अपने–अपने विद्यालयों में समयबद्ध ढंग से कार्य कराना सुनिश्चित करें।

# अयोध्या में बनेगा विश्वस्तरीय गायत्री शक्तिपीठ मिनी शांतिकुंज

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता)अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा प्रभु श्रीराम की नगरी में मिनी शांतिकुंज स्थापना करने का कार्यक्रम बनाया जा रहा है।आज 6 मई को गायत्री शक्तिपीठ अयोध्या में 5 मंजिला भवन निर्माण के लिए शिलान्यास का कार्यक्रम होना है। शिलान्यास के अवसर पर देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार के प्रति कुलपति डॉ० चिन्मय पंड्या जी, राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय, रामवल्लभाकुंज के अधिकारी राजकुमार दास आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे । गायत्री परिवार के वरिष्ठ प्रतिनिधि रामकेवल यादव ने बताया कि 5 मंजिला भव्य भवन के शिलान्यास के लिए तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।इस मंदिर में 1 माह से अनवरत गायत्री मंत्र का जप चल रहा है।शिलान्यास समारोह में प्रदेश के सभी जनपदों से हजारों की संख्या में गायत्री साधक अयोध्या पहुंचेंगे । 6 मई को शाम 4:00 बजे अयोध्या पहुंचकर गायत्री शक्तिपीठ में आद० डॉ चिन्मय पंड्या भूमिपूजन और शिलान्यास करेंगे । इसके बाद शाम 6:00 बजे राम कथा पार्क में विराट दीपयज्ञ का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय समन्वयक डॉ एस बी सिंह ने बताया गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने देश में 24 शक्तिपीठों की स्थापना की थी। मथुरा के बाद अयोध्या में उन्होंने दूसरी शक्तिपीठ की स्थापना 7 जनवरी 1981 को की । गायत्री परिवार अब इसे भव्य और विश्वस्तरीय शक्तिपीठ बनाने जा रहा है । इसी क्रम में करोड़ों की लागत से 5 मंजिला भवन प्रस्तावित है। शांतिकुंज हरिद्वार ने उत्तर प्रदेश को चार जोनों में बांटा है । कार्यक्रम में कानपुर, लखनऊ, बाराबंकी, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, अंबेडकर नगर, गोंडा, बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, महाराजगंज, गोरखपुर, लखीमपुर खीरी सहित प्रदेश के जनपदों से भारी संख्या में गायत्री परिजन कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे हैं । अब शांतिकुंज हरिद्वार अयोध्या शक्तिपीठ को मिनी शांतिकुंज बनाने जा रहा है। विश्व आस्था के केंद्र प्रभु श्रीराम की नगरी में गायत्री साधकों के लिए यह साधना केंद्र होगा जहां देश–प्रदेश ही नहीं अपितु पूरे विश्व से साधकों का आगमन हुआ करेगा।

# अधेड़ की पिटाई व गमछे से गला कसकर हत्या के प्रयास में आया नया मोड़

अयोध्या।(डा आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) जिले के कुमारगंज थाना क्षेत्र के सराय धनेठी गांव निवासी दलित अधेड़ के साइकिल से अपने घर जाते समय रास्ते में हमलावरों द्वारा उसकी पिटाई करते हुए गमछे से गला कसकर मौत के घाट उतारने के प्रयास के मामले में नया मोड़ आ गया है। जिला अस्पताल में हुए इलाज के बाद हालत में सुधार होने के बाद अधेड़ ने अपने गांव के ही दो लोगों सहित एक अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध हत्या का प्रयास किए जाने का आरोप लगाते हुए कुमारगंज थानाध्यक्ष को शिकायती प्रार्थना पत्र दे दिया है। पीड़ित अधेड़ की तहरीर पर कुमारगंज पुलिस ने मुकदमा तो नहीं दर्ज किया किंतु छानबीन शुरू कर दी है। बताते चलें कि बीते 25 अप्रैल की रात्रि करीब 10 बजे सराय धनेठी निवासी दलित अधेड़ जयकुमार पासी मसेढ़ा गांव निवासी गोल्डन सिंह के खेत की सिंचाई करने के उपरांत साइकिल से अपने घर वापस लौट रहा था। वह बहरी तालाब के पास स्थित रामू पासी के मड़ई के पास पहुंचा ही था कि पहले से घात लगाकर बैठे 3 लोगों ने जय कुमार की डंडों से जमकर पिटाई करते हुए गमछे से उसका गला कस दिया था। जय कुमार को मरा समझ हमलावर उसे सड़क पर ही छोड़कर मौके से भाग निकले थे। उधर काफी रात हो जाने के बाद खोज में निकले उसके परिवारी जन मौके पर पहुंचे थे और सड़क पर नाजुक हालत में पड़े जयकुमार को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर पहुंचाया था। सीएचसी के डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख अधेड़ को जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। जिला अस्पताल में 2 दिन चले इलाज के उपरांत घायल जयकुमार को होश आया था। घटना की छानबीन करने पहुंचे कुमारगंज थाने के उपनिरीक्षक एवं पुलिस कर्मियों को जयकुमार ने अस्पताल में ही अपने गांव के 2 लोगों सहित एक अन्य अज्ञात व्यक्ति द्वारा जान से मार डालने का प्रयास किए जाने का आरोप लगाते हुए बयान भी दिया था। यही नहीं अधेड़ की पत्नी रामावती ने भी बीते 28 अप्रैल को मामले में थानाध्यक्ष कुमारगंज को प्राथमिकी कायम किए जाने हेतु तहरीर भी दी थी। किंतु कुमारगंज थानाध्यक्ष ने मामले में मुकदमा दर्ज करना मुनासिब नहीं समझा। गुरुवार को पीड़ित जयकुमार थाने पहुंचा और अपने गांव के ही सुरेश मिश्रा पुत्र देवी दयाल मिश्रा एवं बृज नारायण मिश्रा पुत्र सरजू प्रसाद मिश्रा सहित एक अन्य अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मारे पीटे जाने एवं गमछे से गला कसकर हत्या का प्रयास किए जाने का आरोप लगाते हुए तहरीर थानाध्यक्ष को दी। घटना के चश्मदीद एवं पीड़ित अधेड़ द्वारा तहरीर दिए जाने के बावजूद भी थानाध्यक्ष कुमारगंज के कान में जूं नहीं रेंगी और उन्होंने पीड़ित सहित उसके परिजनों को जांच किए जाने का रटा रटाया जुमला सुनाते हुए थाने से बैरंग लौटा दिया। पीड़ित जय कुमार एवं उसके परिजनों का आरोप है कि थानाध्यक्ष कुमारगंज वीर सिंह आरोपियों के प्रभाव में आकर मुकदमा कायम करने से कतरा रहे हैं। हालांकि तहरीर मिलने के बाद बीट प्रभारी उपनिरीक्षक उमेश कुमार वर्मा पीड़ित के घर सहित गांव पहुंचे थे और उन्होंने गर्ल छानबीन की है। वहीं दूसरी ओर थानाध्यक्ष वीर सिंह का कहना है कि घटना का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है फिलहाल विभागीय उच्चाधिकारियों से वार्ता कर मामले में मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से मे0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक
**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**
**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**
deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।